संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 17 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 164 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नवम्बर माह में प्रस्तावित 'छठवें आपदा प्रबंधन वैश्विक महासम्मेलन' की विवरणिका का विमोचन किया।

## ज्ञानी रघुबीर सिंह अकाल तख्त के नए जत्थेदार



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**सिखों** के सर्वोच्च श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को बदल दिया गया है। उनकी जगह अब ज्ञानी रघुबीर सिंह श्री अकाल तख्त के नए और स्थायी जत्थेदार होंगे। साथ ही वह स्वर्ण मंदिर के हेड ग्रंथी के तौर पर भी अतिरिक्त सेवाएं निभाएंगे। रघुबीर सिंह अभी तक तख्त श्री केशगढ़ साहिब के जत्थेदार थे। अब तख्त श्री केशगढ़ साहिब के नए जत्थेदार ज्ञानी सुल्तान सिंह होंगे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की अंतरिम कमेटी की इमरजेंसी मीटिंग में इस बारे में फैसला लिया गया। एसजीपीसी प्रधान एडवाकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा- ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने यह पद स्वेच्छा से छोड़ा है। बैठक से पहले ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उनसे फोन पर भी बात की है।

## मांझी के बेटे से जबरन लिया गया इस्तीफाः नीतीश



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**नीतीश** कैबिनेट में एससी-एसटी कल्याण मंत्री और जीतन राम मांझी के बेटे डॉ. संतोष सुमन ने खुद से इस्तीफा नहीं दिया था। उनसे बिहार के सीएओम नीतीश कुमार ने इस्तीफा लिया था। इस बात की पुष्टि तब हो गई, जब नीतीश कुमार ने शुक्रवार खुद कहा कि वे विपक्षी एकता की बैठक में रहते तो मुखबिरी करते, यहां की रणनीति बीजेपी को जाकर बता देते। इधर, जीतन राम मांझी ने एनडीए की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए हैं। दरअसल, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सुप्रीमो जीतन राम मांझी लगातार महागठबंधन के खिलाफ बयान दे रहे थे।

## देश में 100 से ज्यादा मोबाइल एप्स की निगरानी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मोबाइल** एप से होने वाले अपराध रोकने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी तैयारी की है। खुफिया एजेंसियों ने देश में चल रहे 100 से ज्यादा मोबाइल एप्स को संदिग्ध मानते हुए निगरानी शुरू कर दी है। केंद्रीय एजेंसियों से जुड़े सूत्र बताते हैं कि एप के अपराध का नेटवर्क 5 हजार करोड़ रु. से ज्यादा का है। वोलरेंट, आयत गन सिमुलेटर, टीम फाइट, रॉयट (हिंदी में इसका अर्थ दंगा होता है) और डिस्कॉर्ड जैसे कई एप हैं, जिन पर धर्म परिवर्तन कराने का शक है। गेम में आगे बढ़ने के लिए कुरान की आयतों के सवाल पूछे जाते हैं। जवाब हासिल करने की प्रकिया में जाकिर नाईक जैसे मुस्लिम धर्मगुरुओं के वीडियो शेयर होते हैं, जिन्हें देखते-देखते ही सवालों के जवाब मिलते हैं।

## बंगाल पंचायत चुनावः सेंट्रल फोर्स तैनात करने का निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव होने हैं। वोटिंग से पहले राज्य में कई जगह हिंसा हो रही है। जिसको लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य के सभी जिलों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग को 48 घंटे के भीतर केंद्रीय बलों के लिए केंद्र से अनुरोध करना होगा। मगर कोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने रिव्यू पिटीशन दाखिल कर दी है। इस बीच शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस दक्षिण 24 परगना के भांगर पहुंचे, जहां पिछले कई दिनों से हिंसा हो रही है। उन्होंने कहा, मैंने हिंसा के पीड़ितों और स्थानीय लोगों से बातचीत की।

# गुजरात में 'बिपरजॉय' से मची भारी तबाही

2 की मौत, 22 घायल, 940 गांवों की बिजली गुल, अब तक 94 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया

### राजस्थान में अलर्ट

- **बिपरजॉय से राजस्थान में मूसलाधार बारिशः 17 ट्रेनें रद्द, कोचिंग सेंटर समेत सब बंद**

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**बिपरजॉय तूफान** के जखौ तट से टकराने के बाद गुजरात में भारी नुकसान हुआ। इसका असर कच्छ-सौराष्ट्र समेत 8 जिलों में रहा। यह अपने पीछे भारी तबाही छोड़ गया है। जगह-जगह पेड़ और खंभे गिर गए। तूफान के कारण भावनगर में 2 लोगों की मौत हुई। 22 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अब तक 94 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। कच्छ में मांडवी, नलिया, नारायण सरोवर, जखौ पोर्ट, मुंद्रा और गांधीधाम समेत पूरे राज्य में तेज बारिश हो रही है। 90 से 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। 940 से ज्यादा गांवों की बिजली गुल हो गई है। वहीं, बाढ़ और रास्ते बंद होने से 4600 ग्रामीण इलाकों का संपर्क टूट गया है।




### बिपरजॉय के कारण राजस्थान में भारी बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**बिपरजॉय** तूफान गुजरात के बाद शुक्रवार को राजस्थान पहुंच गया है। निचले इलाकों में पानी भर गया। जालोर में भी रेड अलर्ट है और यहां तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। जालोर में शुक्रवार सुबह तक 69 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इधर, जैसलमेर में भी आंधी-बारिश जारी है। बाड़मेर और सिरोही में तेज हवाओं की वजह से पेड़ और पोल गिर गए हैं। तूफान के चलते शुक्रवार और शनिवार को मिलाकर राजस्थान के 5 जिलों में बहुत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट, जबकि 13 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**गुरुवार शाम साढ़े छह बजे जखौ तट से टकराया था तूफानः** बिपरजॉय तूफान गुरुवार शाम साढ़े छह बजे कच्छ के जखौ तट से टकराया था। लैंडफॉल आधी रात तक चला। इस दौरान हवाओं की रफ्तार 115 से 125 किमी प्रति घंटे रही।

इससे पहले कच्छ, द्वारका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़, गांधीधाम और मोरबी समेत तटीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। अब तूफान उत्तर- दक्षिण राजस्थान की तरफ बढ़ रहा है।

### बॉर्डर के पांच गांव से 5 हजार लोगों को निकाला

**बाड़मेर** कलेक्टर अरूण पुरोहित ने बताया कि अगले 36 घंटे जिले के लिए अहम हैं। पाकिस्तान बॉर्डर से सटे पांच गांव बाखासर, सेड़वा चौहटन, रामसर, धोरीमना गांव के 5 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। इधर, जैसलमेर के डाबला गांव से 100 परिवारों के 450 लोगों को शिफ्ट किया गया है। नरेगा के काम और महंगाई राहत शिविर रुकवा दिए गए हैं।

**गुजरात में तबाही, सरकार नुकसान का आकलन करेगी...** गुजरात में तेज हवाओं के चलते सैकड़ों पेड़ गिर गए। मोबाइल टॉवर क्षतिग्रस्त हुए, बिजली के खंभे उखड़ गए।

अधिकारी के मुताबिक, '23 जानवरों की मौत हो गई। गुजरात में विभिन्न स्थानों पर तेज हवाओं के साथ 524 से अधिक पेड़ और 300 से ज्यादा बिजली के खंभे गिर गए, जिससे लगभग 940 गांवों में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई है।



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सोनभद्र में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का मॉडल देखते हुए।

## जीएसटी परिषद की बैठक 11 जुलाई को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मामलों के शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक 11 जुलाई को होगी। इस बैठक में फर्जी पंजीकरण और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के जरिए होने वाली धोखाधड़ी पर नकेल कसने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। जीएसटी परिषद ने एक ट्वीट में कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 11 जुलाई को परिषद की 50वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित होगी। बैठक में जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और घुड़दौड़ पर टैक्स लगाने के मुद्दे पर जीओएम की रिपोर्ट पर भी चर्चा करेगी।

## जी-20 : कृषि मानव सभ्यता के केंद्र में हैः मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि एक कृषि मंत्री की जिम्मेदारियां केवल अर्थव्यवस्था के एक क्षेत्र को संभालने तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि मानवता के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तारित है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए मंत्रियों से सामूहिक कार्रवाई करने के तरीकों पर चर्चा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी आज वीडियो संदेश के माध्यम से जी-20 कृषि मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि मानव सभ्यता के केंद्र में है। उन्होंने उल्लेख किया कि एक कृषि मंत्री की जिम्मेदारियां केवल अर्थव्यवस्था के एक क्षेत्र को संभालने तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि मानवता के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तारित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विश्व स्तर पर 2.5 अरब से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करती है। ग्लोबल साउथ में, कृषि सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है और 60 प्रतिशत से अधिक नौकरियां कृषि पर निर्भर हैं। आज ग्लोबल साउथ के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी के कारण आपूर्ति श्रृंखला में हुए व्यवधान, भू-राजनीतिक तनावों की वजह से और भी चिंताजनक हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण चरम मौसम की घटनाएं अधिक बार सामने आ रहीं हैं। इन चुनौतियों को ग्लोबल साउथ द्वारा सबसे अधिक महसूस किया जा रहा है। मोदी ने कृषि मंत्रियों से वैश्विक खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने के लिए सामूहिक कार्रवाई करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। उन्होंने एक स्थायी और समावेशी खाद्य प्रणाली बनाने के तरीके खोजने का सुझाव दिया जो सीमांत किसानों पर केंद्रित हो और वैश्विक उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करे। साथ ही, प्रधानमंत्री ने बेहतर मृदा स्वास्थ्य, फसल स्वास्थ्य और उपज के लिए कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों की पारंपरिक तौर-तरीके हमें पुनः-पोषित कृषि के विकल्प विकसित करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं।

### सीमित नहीं...

- **एक कृषि मंत्री की जिम्मेदारियां मानवता के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तारित हैं : पीएम**

## थर्मोकॉल बॉल्स में 26 करोड़ की ड्रग्स की तस्करी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डायरेक्टोरेट** ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने दिल्ली एयरपोर्ट से थर्मोकॉल बॉल्स में छुपी 26.5 करोड़ रुपए की कोकीन बरामद की। ये कोकीन कूरियर के जरिए सप्लाई हो रही थी। खुफिया जानकारी के आधार पर, डीआरआई की दिल्ली जोनल यूनिट ने कूरियर खेप को रोक दिया। जांच में 1,922 ग्राम कोकीन बरामद हुई। उनमें दो क्रिस्टल ग्लासवेयर सजावटी बाउल निकले। ग्लॉस से बने ये बाउल टूटे न, इसके लिए उन्हें थर्मोकॉल के साथ रखा गया था। जांच में पता चला कि थमाकील की कुछ बॉल्स बाकी की तुलना में थोड़ी भारी (1-2 ग्राम) थीं। करीब 10 हजार थमाकील बॉल्स को जब खोला गया तो उसमें 972 बॉल्स में व्हॉइट पाउडर की पॉलीथीन मिलीं। पाउडर की जांच करने पर यह कोकीन निकला।

## 'सेमीकंडक्टर उद्योग से आईटी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**हिमाचल** प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी आईटी क्षेत्र के विकास की अपार क्षमता है। राज्य सरकार प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग की स्थापना के लिए आवश्यक प्रोत्साहन एवं सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में आईटी उद्योग के विकास के लिए सरकार द्वारा अधोसंरचना, मानव संसाधन, नीतिगत ढांचा और बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग को दिए जा रहे प्रोत्साहन पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर



सिंह सुक्खू ने बताया कि सरकार आईटी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों की विशेषज्ञता और उपलब्ध संसाधनों से लाभ उठाने के लिए सहयोग और साझेदारी की सम्भावनाएं तलाश रही है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने डिजिटल गवर्नेंस के लिए मुख्यमंत्री परिषद का गठन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीति तैयार की जाएगी, जिसके लिए जल्द ही एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

## कुपवाड़ा में 5 विदेशी आतंकी मारे गए

सेना ने एनकाउंटर में मार गिराया, इस साल जिले में घुसपैठ की पहली कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** के विजय कुमार ने बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। कुपवाड़ा सेक्टर में इस साल घुसपैठ की यह पहली बड़ी कोशिश है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट कर बताया- कुपवाड़ा जिले के एलओसी से लगे जुमागुंड एरिया में पुलिस को आतंकियों के घुसपैठ का इनपुट मिला था। इसके बाद सेना और पुलिस की कम्बाइंड टीम ने सर्च ऑपरेशन में इन पांचों आतंकियों को ढेर कर दिया। सर्च ऑपरेशन अभी जारी है।

**13 जून को 2 आतंकी मारे गए थेः** इससे पहले 13 जून को कुपवाड़ा जिले में ही एलओसी से लगे दोबनार मच्छल इलाके में सेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए थे। जम्मू-कश्मीर में



एक्टिव आतंकी संगठनों ने अपने ओवर ग्राउंड वर्कर्स के रूप में महिलाओं, लड़कियों और नाबालिग बच्चों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। वे इनसे हथियार, मैसेज और ड्रग्स की सप्लाई करवा रहे हैं। चिनार कॉर्प्स के लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला ने यह जानकारी दी है। जम्मू कश्मीर के करमारा सेक्टर में एलओसी के पास भारतीय सेना ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा।

## 20 से 25 जून तक अमेरिका-मिस्र के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 से 25 जून तक अमेरिका और मिस्र की राजकीय यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के न्यौते पर पीएम मोदी अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा करेंगे। यात्रा न्यूयॉर्क से शुरू होगी। 21 जून को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी वाशिंगटन डीसी जाएंगे।

## मणिपुरः भीड़ ने विदेश राज्य मंत्री का घर जलाया

**टीम एक्श इंडिया/इंफाल**
मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर जातीय हिंसा चल रही है। 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी। गुरुवार देर रात फिर हिंसा हुई। कुछ लोगों ने भाजपा सांसद और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह के इंफाल स्थित घर में आग लगा दी। घटना के वक्त मंत्री केरल में थे। सिंह मैतेई समुदाय के हैं। राजकुमार रंजन सिंह ने कहा, कल रात जो हुआ उसे देखकर बेहद दुख हुआ। मुझे बताया गया कि 50 से अधिक लोगों ने रात करीब 10 बजे मेरे घर पर



हमला किया। सिंह ने कहा- मैं हिंसा की घटनाओं से हैरान हूं। मणिपुर में कानून-व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। पिछले 20 दिन में मणिपुर के मंत्रियों और विधायकों के घरों पर हमले का यह चौथा मामला है। इससे पहले 14 जून को इंफाल के लाम्फेल इलाके में उद्योग मंत्री नेमचा किपजेन के सरकारी बंगले में आग लगा दी गई थी। किपजेन उस समय घर पर नहीं थीं। 8 जून को भाजपा विधायक सोराईसाम केबी के घर आईईडी से हमला हुआ था। दो लोग बाइक से आए और उन्होंने खुले गेट के अंदर आईईडी बम फेंक दिया था।

### कानून व्यवस्था फेल

- **कुछ लोगों ने भाजपा सांसद और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह के इंफाल स्थित घर में आग लगा दी**

## 2 महिला पहलवानों के साथ छेड़छाड का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर 6 महिला पहलवानों यौन शोषण केस में बनी चार्जशीट में नए खुलासे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली पुलिस की जांच में 6 में से 2 महिला पहलवानों के साथ छेड़छाड़ और एक का रास्ता रोकने या पीछा करने का मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस को कॉल डिटेल्स से कुछ खास हाथ नहीं लगा है। इसकी वजह ये है कि टेलिकॉम कंपनियां एक साल से ज्यादा का कॉल रिकॉर्ड नहीं रखतीं। चार्जशीट पेश होने के बाद साक्षी मलिक ने कहा- अब स्पष्ट हो गया है कि बृजभूषण कसूरवार हैं। साक्षी ने कहा कि हमारे वकील ने



चार्जशीट की कॉपी के लिए एप्लिकेशन दी है, ताकि हमें जल्द से जल्द उस पर लगाए चार्ज के बारे में पता लगा सके, हम देखेंगे कि वह चार्ज सही है या नहीं। यह भी देखेंगे की हमारे साथ किए गए वादे पूरे हुए या नहीं, जिनमें हमारे ऊपर दर्ज एफआईआर वापस लेने की बात भी शामिल है।

**रास्ता रोकने या पीछा करने का केस 2012 काः** दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक बृजभूषण पर जो रास्ता रोकने या पीछा करने का केस है, वह 2012 का है। इसमें शिकायत करने वाली महिला पहलवान ने शिकायत की थी कि बृजभूषण ने एक टूर्नामेंट के दौरान उसकी मां से बात की और उसे अपने कमरे में बुलाकर कस कर गले लगाया।

### उग्र हुआ प्रदर्शन

### गुस्साई भीड़ ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी के घर को लगाई आग

## मनोहर हत्याकांड क्षेत्र में स्थिति बिगड़ी, धारा 144 लागू

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**चंबा** जिला में हुए मनोहर हत्याकांड से पूरा जिला में रोष व्यापक हुआ है तथा हालात बिगड़ गए हैं। हालात को देखते हुए पूरे सलूणी उपमंडल में प्रशासन को धारा 144 लागू करनी पड़ी है। बीते रोज गुस्साई भीड़ ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी के घर को आग के हवाले कर दिया। पहले भीड़ द्वारा किहार थाना के बाहर भारी संख्या में जमा होकर धरना प्रदर्शन किया तथा नारेबाजी की एसपी चंबा ने भीड़ को बताया कि इस मामले के हत्यारे पकड़ लिए गए हैं और उन पर कार्रवाई की जा रही है मगर भीड़ कुछ सुनने को तैयार ही नहीं थी जिस



बात की आशंका थी वही हुआ धरने प्रदर्शन के बाद यह भीड़ मुख्य आरोपी के घर की ओर चली गई तथा उसके घर को आग के हवाले कर दिया। हालात बिगड़ते हुए देखकर प्रशासन को सलूणी उपमंडल में धारा 144 लगानी पड़ी। इस हत्याकांड के विरोध में क्षेत्र के सभी बाजार बंद रहे। दूसरी ओर जिला मुख्यालय में भी बजरंग दल सहित अन्य धार्मिक संगठनों ने रोष प्रदर्शन कर सरकार तथा प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की तथा मांग की की हत्या के आरोपियों को फांसी दी जाए। कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पुलिस बलों की तैनाती की गई है ताकि शांति भंग ना हो सके। दूसरी ओर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर जब भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया पूर्व विधायक विक्रम जरिया तथा विधायक हंसराज तथा डीएस ठाकुर के साथ पीड़ित परिवार को सांत्वना देने जा रहे थे तो पुलिस ने चौहड़ा पुल के पास उन्हें रोक लिया तथा आगे जाने नहीं दिया इस पर जयराम ठाकुर सहित सभी लोग वहां धरने पर बैठ गए जयराम ठाकुर ने इस संदर्भ में बताया कि उन्होंने पुलिस प्रशासन को यह कहा कि वह मात्र संवेदना प्रकट करने आए हैं।

### भीड़ सुनने को तैयार नहीं

- **एसपी चंबा ने भीड़ को बताया कि इस मामले के हत्यारे पकड़ लिए गए हैं और उन पर कार्रवाई की जा रही है**

# 'पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्वभर में भारत का लोहा मनवाया'

## भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा ने दिखाया दम, सफल संयुक्त मोर्चा सम्मेलन पर संगठन ने दी शाबाशी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**जिले की** थानेसर विधानसभा में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र में नो साल पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे थानेसर से हजारों लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा ने किया वहीं कार्यक्रम में किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, एससी मोर्चा, महिला मोर्चा और पार्टी कार्यकर्ताओं और पधाधिकारिओं ने भाग लिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी जी एल शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. पवन सैनी, पशुधन विकास बोर्ड

**▶▶ मोदी की नीतियों का विपक्ष तो क्या चीन और पाकिस्तान के पास भी तोड़ नहीं है**

चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष परमजीत कश्यप, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुलतान अजराना, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष फूल सिंह पाल, किसान मोर्चा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष रवि बतान और महामंत्री जसविंद्र सैनी और सर्वजीत सिंह हैप्पी विर्क समेत युवा मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्षों जिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष रवि बतान ने संयुक्त मोर्चा के तत्त्वाधान में आयोजित सफल कार्यक्रम के लिए रूबल शर्मा और अन्य मोर्चा पद्धाधिकारियों को बधाइयां दी। इस मौके भाजपा महामंत्री डॉक्टर पवन सैनी, जिला प्रभारी जीएल शर्मा ने पत्रकारों को सम्मेलन के बारे जानकारी दी। इस मौके पर जीएल शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्वभर में भारत का लोहा मनवाया है। मोदी की नीतियों का विपक्ष तो क्या चीन और पाकिस्तान के पास भी तोड़ नहीं है। जीएल शर्मा ने दावा किया कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी ने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां आमजन को भा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार और पीएम मोदी के नो साल गरीब कल्याण और सेवा सुशासन को समर्पित हैं। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा ने कहा कि युवा मोर्चा देश की राजनीति और बीजेपी संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा और पीएम मोदी के नो सेल भाजपा युवाओं की तरक्की और किसान की खुशहाली को समर्पित हैं। राहुल राणा ने संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ का अभिवादन किया।



इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीति रीती से जुड़ना उनके लिए गौरव की बात है। रूबल ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार और प्रदेश की मनोहर सरकार देश के विकास को समर्पित है। रूबल ने कार्यक्रम में उमड़ी हजारों लोगो की भीड़ का आभार व्यक्त किया। थानेसर शहर के लोग भाजपा और युवा मोर्चा को अपना आशीर्वाद देने यहां पंहुचे हैं ये उनका सौभाग्य है।

# छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा है मूर्तिकला का प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में 1 जून 2023 से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यालय परिसर में 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम टाबर उत्सव का आयोजन शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रधानाचार्य डा. सचिंद्र कुमार की अध्यक्षता में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न कला निपुणताओं का प्रशिक्षण जिसमें आधुनिक मूर्ति शिल्प कला, क्ले-मॉडलिंग, रिलीफ एवं थ्रीडी स्कलच्परल आर्ट में हरियाणा की संस्कृति के आधार पर दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक गोपाल ने छात्र-छात्राओं विभिन्न शिल्प कलाओं में दक्ष करने का काम किया जा रहा है।

# आयुष विभाग द्वारा कई स्थानों पर योग जागरूकता यात्रा निकाली

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**जिला** आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर तथा 5 ब्लॉकों में कार्यक्रम होने सुनिश्चित हुए हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से योग की महत्वता बारे लोगों को जागरूक करने का काम किया जायेगा। इसी कड़ी में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयुष विभाग के योग सहायकों द्वारा कईं स्थानों पर योग जागरूकता यात्रा निकाली गई। इस योग जागरूकता यात्रा में दपिंदर कौर द्वारा गांव बाड़ा एंव धुराली में, इन्दु शेखर द्वारा बब्याल एवं अटल पार्क तोपखाना अम्बाला छावनी में, श्रीमति नीरू अग्रवाल द्वारा सुभाष पार्क अम्बाला छावनी में, श्रीमति रजनी वर्मा द्वारा गांव धुरकड़ा में, जसबीर द्वारा गांव उपलाना में, नरेन्द्र द्वारा गांव सपेरा में, धर्मवीर द्वारा गांव धीन में, मोहित द्वारा गांव सरदेहडी में, श्रीमति मधु द्वारा गांव शेरपुर में, श्रीमति प्रिति द्वारा मुलाना में, श्रीमति सारदा द्वारा सिविल अस्पताल अम्बाला शहर में योग जागरूकता यात्रा आयुष विभाग अम्बाला तथा हरियाणा योग आयोग के बैनर के साथ निकाली गई तथा आमजन को योग करे रोज करे, वसुधैवकुटुम्बकम, योग करें भविष्य सुधारे, योग है जीवन का आधार आदि सलोग्नो के साथ योग की महत्वता बारे संदेश देने का काम किया गया।



# समर कैंप में बच्चे सीख रहें नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट व जूडो-कराटे



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) जिला** बाल कल्याण परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा बाल भवन कुरुक्षेत्र, पिहोवा व लाडवा में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप का आयोजन जून माह में किया जाता है तथा यह 30 जून तक चलेगा, जिसमें कोई भी बच्चा अपनी रूचि अनुसार भाग ले सकता है। इस समर कैंप में बच्चों को नृत्य, आर्ट एंड काफट, जूडो कराटे आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कैंप में न केवल बच्चों का सवार्गीण विकास होता है बल्कि बच्चे मिलजुल कर रहने की प्रेरणा भी ले रहे है। इस शिविर में 225 बच्चे नृत्य, आर्ट एंड काफट, जूडो-कराटे, मेंहदी आदि का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है।

# विधायक व मेयर के ठगबंधन ने अम्बाला शहर को किया बेहाल: सुशील गुप्ता

## एक महीने बाद अगला टैंट विधायक व मेयर के घर के बाहर लगाउँगा: विनोद धीमान

**▶▶ प्राशनिक अधिकारियो द्वारा चार दिन से अनशन पर बैठे लोगो की सुध ना लेना बहुत ही निंदनीय है**

**टीम एक्शन अम्बाला/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**खट्टर** सरकार द्वारा लागु एनडीसी व गलत प्रॉपर्टी आईडी के खिलाफ चार दिन से धरने पर बैठे आम आदमी पार्टी के नेता विनोद धीमान के अनशन पर आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता व राष्ट्रीय सहसचिव निर्मल सिंह ने धरनास्थल पर पहुंचकर विनोद धीमान को जूस पिलाकर धरना समाप्त करवाया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता ने अम्बाला शहर के जगाधरी गेट पर उमड़े जनसैलाब को सम्बोधित करते हुए कहा की यह सरकार गूंगी बेहरी सरकार है। उन्होंने कहा की अम्बाला शहर के स्थानीय विधायक व मेयर और प्राशनिक अधिकारियो द्वारा चार दिन से अनशन पर बैठे लोगो की सुध ना लेना बहुत ही निंदनीय है। वैसे इस सरकार से उम्मीद भी नहीं की जा सकती क्योंकि किसान आंदोलन में लगभग 700 किसानो की शाहदत पर भी केंद्र की भाजपा सरकार ने कोई संवेदना प्रकट नहीं की इससे लगता है की इस सरकार को लोगो की कोई चिंता नहीं है। सांसद सुशील गुप्ता ने कहा की अम्बाला शहर के स्थानीय विधायक व मेयर में गुप्त गठबंधन है। जिसको ठगबंधन कहा जाये तो ज्यादा ठीक होगा क्योकि अम्बाला शहर से मात्र दस किलोमीटर दूर विधायक व मेयर के चहेतो की कॉलोनियां एप्रूव्ड हो जाती है और सौ साल से पुराने बसे अम्बाला शहर का अन्नएप्रूव्ड हो जाना इनके ठगबंधन को जगजाहिर करता है। अम्बाला शहर के जगाधरी गेट पर पहुँचे सेकड़ो लोगो को सम्बोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सहसचिव निर्मल सिंह ने कहा की 2019 के विधानसभा चुनाव में अम्बाला शहर के स्थानीय विधायक ने अम्बाला शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की बात कही थी। वही 2021 के मेयर चुनाव में अम्बाला शहर की मेयर ने नगर निगम में शामिल हुए गांव के लोगो से वायदा किया था की गांव में लाल डोरे के अंदर बने मकानों को टैक्स फ्री किया जायेगा व अम्बाला शहर के लोगो से वायदा किया था की मेरे मेयर बनते ही नगर निगम में 2000 अम्बाला शहर के स्थानीय बच्चो की नौकरियां लगवाई जाएगी। लेकिन इन दोनों नेताओ ने अम्बाला शहर की जनता व युवाओ से वायदा खिलाफी की और उनको धोखा दिया जिसका खामियाजा आज अम्बाला शहर की जनता भुगत रही है। उन्होंने हरियाणा की खट्टर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की भाजपा सरकार ने अपने किसी चहेते आशी कंपनी को पूरे हरियाणा में प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने का टेंडर लगभग 700 करोड में दे दिया और उस कंपनी ने लोगो के बीच जाए बिना ही प्रोपर्टी आईडी लागू कर दी। सरकार के 700 करोड तो गए ही थे ऊपर से प्रोपर्टी आईडी ठीक करने के नाम पर तत्काल 5000 रुपये देकर आईडी ठीक करने का सरकार ने नया फरमान जारी कर दिया। सरकार द्वारा अम्बाला शहर की बनाई गयी गलत प्रोप्र्टी आईडी पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जानी चाहिए व कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।



# बराड़ा में किसानों के अधिकारों हेतू एक ग्रास रूट लेवल कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम सौरभ गुप्ता ब्लाक बराड़ा, अम्बाला पहुचे जहां किसानों के अधिकारों हेतू एक ग्रास रूट लेवल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम मे ब्लाक साहा व बराड़ा के सभी सरपंचों को आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर सौरभ गुप्ता, सी जे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के साथ जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, अम्बाला, डिप्टी डायरेक्ट एग्रीकल्चर, अम्बाला व लिड बैंक मैनेजर, अम्बाला व पैनल अधिवक्ता मनु रस्तोगी भी उपस्थित थे। डिप्टी डायरेक्ट एग्रीकल्चर, अम्बाला व लिड बैंक मैनेजर, अम्बाला ने उपस्थित सरपंचों को हरियाणा सरकार द्वारा पारित किसानों संबधित योजनाओं से अवगत करवाया व मनु रस्तोगी, पैनल अधिवक्ता ने किसानों व जन साधारण को उपलब्ध मुफत कानूनी सेवओं की जानकारी दी। सौरभ गुप्ता, सी जे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने उपस्थित सरपंचों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम मे प्रदान की जानकारी को किसानो व जन कल्याण मे उपयोग करे व जन साधारण को इन योजनाओं व मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे जागरूक करे। इसके बाद सौरभ गुप्ता, सी जे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला अपना घर वरिष्ट नागरिक सदन, अम्बाला छावनी पहुचे जहां कैम्पेन एजिंग विद डिगनिटी के अंतर्गत वरिष्ट नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं बारे जानकारी दी और वरिष्ट नागरिकों से बातचीत की।



**▶▶ अम्बाला छावनी पहुचे जहां कैम्पेन एजिंग विद डिगनिटी के अंतर्गत वरिष्ट नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं बारे जानकारी दी**

# भारत विकास परिषद द्वारा योग शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला** (मनीष कुमार)

भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा अम्बाला शहर द्वारा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद एवं विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में आयुष विभाग हरियाणा और भारतीय योग संस्थान के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 6 से 7 बजे तक अग्रवाल भवन, सैक्टर 9, अम्बाला शहर में एक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सचिव राकेश मक्कड़ ने बताया कि इस शिविर में भारतीय योग संस्थान, नीलकण्ठ इकाई से जितेन्द्र ने इस योग प्रशिक्षण शिविर का बहुत कुशलता से संचालन करते हुए सभी उपस्थित को योग क्रियाओं के शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ बताते हुए योगासन करवाए जिसमें शाखा से इस शिविर के संयोजक राकेश जिन्दल ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जोकि स्वयं भी योग के एक अदभुत ज्ञाता हैं । इस कार्यक्रम के सह-संयोजक पवन चौधरी, भारती खन्ना, अंकुर गोयल, प्रियंका अग्रवाल व मीना गर्ग थे । इस शिविर में भाग लेने वाले सदस्यों में कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, श्रीकृष्ण सैनी, संजय अग्रवाल, अंकुर गोयल, पवन चौधरी, के एल गुलाटी, मनोज गर्ग, दीपक जैन, प्रमोद गर्ग, शरद सिंघल, बी एम मेहता, नीरज अग्रवाल, राजिन्द्र अग्रवाल तथा मातृशक्ति के रूप में मिनी शर्मा, शिवानी जिन्दल, सविता चौधरी, प्रियंका अग्रवाल, सुरक्षा मेहता, राशि अग्रवाल, दीप्ति चावला आदि ने भाग लिया । यह जानकारी देते हुए प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैणी ने

**▶▶ योग क्रियाओं के शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ बताते हुए योगासन करवाए**

# नशे के दुष्परिणामों व खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने बारे चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला पुलिस ने जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों व खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले सकें। इस अभियान के दौरान 14 जून 2023 को थाना नग्गल क्षेत्र गावँ नड़ियाली स्कूल में प्रबन्धक थाना नग्गल निरीक्षक सुनीता ढाका व इन्चार्ज एन्टी-नारकोटिक-सैल अम्बाला उप-निरीक्षक विनोद कुमार ने आम नागरिको विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों व खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने बारे जागरूक करते हुए वालीबाल का मैच करवाया और नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों तथा नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने बारे जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक कर उन्हें खेलकूद प्रतियोगिता बारे प्रेरित करें जिससे समाज नशामुक्त हो सके। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशे की लत में न पड़ें और यदि कोई उन्हें इस लत में ड़ालना चाहता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सके। युवावर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, पढ़ाई में अपना मन लगाये, अपना व राष्ट्र का भविष्य अन्धकारमय होने से बचायें।

नशा आदमी को अन्दर ही अन्दर से खोखला कर देता है जिससे उसमें सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती। युंवावर्ग बुरी संगत में पड़कर अपना व अपने परिवार का भविष्य अंधकारमय बना देता है। इस कार्य में नागरिक पुलिस को पूर्ण सहयोग दें।



# लाडवा हल्के के गांवों में खोले जाएंगे दस सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनका सपना है कि लाडवा हल्के की प्रत्येक महिला अपने पैरों पर खड़ी हो और आत्मनिर्भर बने।समाजसेवी संदीप गर्ग गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की ओर से लाडवा हल्के में अभी 16 सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र चलाए जा रहे हैं। जिन पर कई महिलाएं कपड़े सिलना सीखकर अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने आप को आत्मनिर्भर बना रही है।

# अपराधी तत्वों को रोकने के लिए गांव कैंथला खुर्द में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

## मनोहर सरकार में गांव हो रहे हैं विकसित : बलदेव सिंह सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

गांव कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह का कहना है कि मनोहर लाल की सरकार मैं गांव का हो रहा है चहुमुखी विकास। हरियाणा में भाजपा गठबंधन की सरकार गांव के चहुमुखी विकास के लिए धनराशि देने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ रही इसीलिए गांव में चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का हो रहा है पूर्ण प्रबंध। ग्राम सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने बताया कि गांव कैंथला खुर्द एवं कैंथला कलां का चप्पा चप्पा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है, कोई भी अपराधी तत्व किसी प्रकार की शरारत नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि गांव में जब से छोटी सरकार अर्थात ग्राम पंचायत चुन कर के आई है तब से गांव में चहूमुखी विकास हो रहा है ।गांव में जो भी ग्रामीणों के समक्ष समस्या आती है तुरंत विधायक और सांसद के संज्ञान में लाकर उसका समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जाता है।



**▶▶ भविष्य में भी ग्राम पंचायत ग्राम कैंथला खुर्द और कैंथला कलां में विकास की कोई भी कमी नहीं रहने देगी**

उन्होंने बताया कि कैंथला खुर्द में सरकार ने बेहतरीन चिकित्सा भवन बनाया है। पानी के लिए नए सिरे से समर्सिबल लगवाया गया है। गांव के बाहर एक बड़ा पुल बन रहा है जो शीघ्र ही बन कर तैयार हो जाएगा जिससे गांव वालों को आने जाने में बेहतर सुविधा होगी। ग्राम पंचायत के सभी सदस्य गांव की हर समस्या पर निगरानी रखते हैं और तुरंत समस्या के समाधान के लिए प्रयास शुरू कर देते हैं ।गांव कैंथला खुर्द और कैंथला कलां के ग्रामीण सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों से बेहद खुश हैं। सरपंच द्वारा पंचायत की समय-समय पर मीटिंग बुलाकर ग्रामीणों की समस्याओं का संज्ञान लिया जाता है ।ग्राम वासियों के सामने जो भी समस्या होती है उसके समाधान के लिए प्रशासन से गुहार लगाकर उसको पूरा करवाया जाता है। सरपंच मास्टर बलदेव सिंह ने कहा कि भविष्य में भी ग्राम पंचायत ग्राम कैंथला खुर्द और कैंथला कलां में विकास की कोई भी कमी नहीं रहने देगी।

# एक भी कोचिंग सेंटर के पास नहीं फायर एनओसी

## सीढ़ियों की हालत ऐसी... बेमौत मारे जाएं बच्चे, संकरे और दमघोंटू है प्रवेश द्वार

**जिंदगी से खिलवाड़**

● दिल्ली अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग का कहना है कि दिल्ली फायर सेफ्टी एक्ट में कोचिंग सेंटरों को बाहर रखा गया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भविष्य** बनाने के नाम पर बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। संकरे रास्ते, जर्जर इमारत, हवा तक जहां प्रवेश नहीं कर सकती, उन इमारतों में हजारों कोचिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में एक भी कोचिंग सेंटर ऐसा नहीं हैं जिसके पास फायर का एनओसी हो। इसके पीछे की वजह भी हैरान करने वाली है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के नियम ऐसे है कि सर चकरा जाए। दिल्ली अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग का कहना है कि दिल्ली फायर सेफ्टी एक्ट में कोचिंग सेंटरों को बाहर रखा गया है। ऐसे में उन्हें एनओसी लेने-देने का सवाल ही नहीं। दूसरा यह कि यदि कोचिंग सेंटर 15 मीटर की ऊंचाई वाली इमारत में संचालित हो रहा है कि तो उस इमारत के मालिक को एनओसी लेने का प्रविधान नहीं है। ऐसे में दिल्ली में जितने भी कोचिंग सेंटर सचालित हो रहे हैं, उन्हें एनओसी लेने की जरूरत नहीं हैं। अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि मुखर्जी नगर में जिस इमारत में बृहस्पतिवार को आग लगी थी, उसकी जांच की जाएगी की उसकी ऊंचाई कितनी थी। अभी तक की जांच में सामने आया है कि उक्त इमारत के पास फायर एनओसी नहीं था।

**संकरे और दमघोंटू है प्रवेश द्वार:** कोचिंग सेंटर में प्रवेश करना बेहद ही दमघोटू है। अंदर कोचिंग सेंटर में भले ही एसी की व्यवस्था है, लेकिन सीढ़ियों से चढ़ना मुश्किल है। कोंचिंग सेंटर के अंदर ताजी हवा की कोई व्यवस्था नहीं है। सीढ़ियों की स्थिति ऐसी है कि यदि कोई हादसा हो जाए और भगदड़ मच जाए तो कई बच्चे बेमौत मारे जाएं।



### हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, फायर सर्विस, सरकार और एमसीडी को भेजा नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर के कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना का स्वत: संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने दिल्ली फायर सर्विसेज, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और एमसीडी को नोटिस जारी किया है। ऐसी इमारतों का फायर ऑडिट करने का निर्देश दिया है। फायर सर्विस अथॉरिटीज देखेंगी कि ऐसी इमारतों में फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट हैं या नहीं। जवाब देने के लिए दो हफ्तों का वक्त दिया है। तीन जुलाई को मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट इस मामले पर विचार करेगी। पीसीआर को गुरुवार दोपहर में मुखर्जी नगर के भंडारी हाउस, बत्रा कॉम्प्लेक्स में आग लगने के संबंध में सूचना मिली थी। आनन-फानन पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। करीब 10 फायर टेंडर और 16 एंबुलेंस की मदद से बचाव और राहत कार्य चलाया गया। इसके बाद आग बुझाने के कार्य के साथ ही पहली और दूसरी मंजिल से छात्रों को इमारत से बाहर निकाला गया। 61 छात्रों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से 50 को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# 'सीएम केजरीवाल पर चढ़ा विपक्षी एकता का बुखार'

## राजधानी की चिंता छोड़ इधर- उधर भटक रहे केजरीवाल: नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली की समस्याओं की चिंता छोड़कर अब विपक्षी नेताओं के दरवाजों पर गिड़गिड़ा रहे हैं। स्थिति यह है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी उन्हें मिलने का समय नहीं दे रहे। बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली में भीषण गर्मी के दौरान पानी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। मुनक नहर के टूटने से आधी दिल्ली प्यासी है। मानसून से पहले सिर्फ 30 फीसदी नालों की सफाई हुई है। नई बसें न आने से दिल्ली का पब्लिक ट्रांसपोर्ट दम तोड़ चुका है और बसों में आग लगने की घटनाएं रोज हो रही हैं। प्रदूषण पर नियंत्रण करने में सरकार नाकाम रही है। समस्याओं पर ध्यान देने की बजाय केजरीवाल पर इन दिनों विपक्षी दलों की एकता का बुखार चढ़ा हुआ है।

**तंज कसा**

● दिल्ली में भीषण गर्मी के दौरान पानी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। मुनक नहर के टूटने से आधी दिल्ली प्यासी है



वसंत विहार में प्रियंका गांधी कैंप में झुग्गियों को गिराते बुलडोजर।

# ये कैसी प्रेम कहानी: फंदे से लटकी मिली प्रेमिका, पैरों में पड़ा मिला बॉयफ्रेंड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रोहिणी सेक्टर 34 में प्रेमी-प्रेमिका ने शुक्रवार सुबह पंखे से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। प्रेमी की पहचान मनोज और प्रेमिका की पहचान मीरा के रूप में हुई है। पुलिस जब फ्लैट के अंदर पहुंची तो मीरा पंखे से फंदा लगाकर लटकी हुई थी। उसके पैरों में मनोज पड़ा हुआ था। पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। मनोज सिविल डिफेंस वालिंटियर के रूप में काम करता था और मीरा से प्रेम करता था। मीरा पहले से शादीशुदा थी। काफी समय से अपने पति से अलग रह रही थी। मनोज और मीरा एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। लेकिन

# दिल्ली के मौसम पर दिखा बिपरजॉय का असर

## कई इलाकों में हुई तेज बारिश, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह 9 बजे मध्यम (128) श्रेणी में दर्ज किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चक्रवात तू**फान का असर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में दिखने लगा। शुक्रवार को मौसम में विभाग ने दिल्ली और आस-पास के इलाकों में बारिश को लेकर अर्लट जारी किया था। अब दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में तेज बारिश हुई, जिसमें राजधानी का मौसम खुशनुमा हो गया।

**दिल्ली में हुई बारिश:** आईएमडी ने मौसम का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि शुक्रवार को आमतौर दिल्ली में बादल छाए रहेंगे और दिन में हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है।
इस दौरान शहर का न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज गया है, जबकि अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास रहने की संभावना हैं।



**बिपरजॉय से बदला मौसम का मिजाज:** मौसम विभाग के मुताबिक पिछले कई दिनों से गर्मी ने थोड़ा तेवर दिखाना शुरू किया था, लेकिन अब बिपरजॉय ने परिस्थितियां फिर बदल दी हैं। तापमान में कमी आने लगी है। अगले एक सप्ताह के दौरान ये 40 डिग्री से नीचे ही रहेगा। ऐसे में जून के तीसरे सप्ताह में भी लू चलने के कोई आसार नहीं हैं।

**फसलों पर पड़ेगा असर:** उधर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा के प्रधान विज्ञानी डा जे पी एस डबास ने बताया कि मौसम के इस बदलाव से फसल को हानि पहुंचाने वाले कीड़े नहीं मर पा रहे। इससे गन्ने व सब्जियों की फसल को तो नुकसान होगा ही, धान की फसल पर भी असर पड़ेगा। लू न चलने से आम, खरबूजे और तरबूज में मिठास भी कम हो रही है। ज्यादा गर्मी न पड़ने पर मच्छर नहीं मर पाएंगे और लोगों को परेशान करेंगे। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह 9 बजे मध्यम (128) श्रेणी में दर्ज किया गया।

**गर्मी से राहत...**

● पिछले कई दिनों से गर्मी ने थोड़ा तेवर दिखाना शुरू किया था, लेकिन अब बिपरजॉय ने परिस्थितियां फिर बदल दी हैं

# तीन साल से फरार मोहम्मद शाहरुख को पुलिस ने पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** की अपराध शाखा ने दिल्ली दंगों के दौरान युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी मोहम्मद शाहरुख को गिरफ्तार किया है। आरोपी दंगों के बाद से करीब तीन साल से फरार था और कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। आरोपी ने दयालपुर थाना क्षेत्र में अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने दिल्ली दंगा मामलों के दंगाइयों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की थी। आरोपी की खोजबीन और पूछताछ में टीम लगातार लगी हुई थी। इस बीच टीम के हाथ सफलता लगी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान राजधानी पब्लिक स्कूल, महालक्ष्मी एक्लेव, मुस्ताफाबाद में राहुल सोलंकी नामक युवक की 24 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दयालपुर थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। बाद में मामले की जांच एसआईटी, क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई थी। शाखा में तैनात इंस्पेक्टर विवेकानंद झा व एसआई लोकेंद्र सिंह की टीम ने आरिफ, अनिस, सिराजुद्दीन, सलमान, सोनू, सैफी और इरशाद को गिरफ्तार किया था।

**शिकंजा**

● आरोपी दंगों के बाद से करीब तीन साल से फरार था और कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था

# 'सही मंच न मिलने पर अधूरे रह जाते हैं युवाओं के आइडिया'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति** प्रो. योगेश सिंह ने शुक्रवार को कहा कि बहुत से युवाओं पर आइडिया तो होते हैं, लेकिन सही मंच न मिलने के कारण वह उन्हें कार्यान्वित नहीं कर पाते। ऐसे में युवा चाह कर भी अपने उद्यम शुरू नहीं कर सकते। कुलपति डीयू में स्थापित उद्यमोदय फाउंडेशन के नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि उद्यमिता की सोच रखने वाले विद्यार्थियों के लिए उद्यमोदय फाउंडेशन एक ऐसा मंच है जहां उन्हें एक छत के नीचे सभी सुविधाएं और सहायता उपलब्ध होंगी। कुलपति ने उद्यमोदय फाउंडेशन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह एक सेक्शन-8 कंपनी है जिसे विश्वविद्यालय में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों की सहायता के लिए स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में यह एक नया आइडिया है जिसके अंतर्गत हम एक छत के नीचे युवा उद्यमियों को सभी सहूलियतें देने का काम करेंगे। विद्यार्थी इसमें अपने-अपने आइडिया पर काम करके अपने स्टार्टअप खड़े कर सकते हैं। यह एक अलग तरह का प्रयोग होगा। उन्होंने बताया कि दुनिया के कई विश्वविद्यालयों में ऐसी कंपनियां काम कर रही हैं। कुलपति ने तेजी से विकसित हो रही दुनिया में नवाचार और उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश की अर्थव्यवस्था में ऐसी कंपनियों के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर हड़प्पा शिक्षा के संस्थापक डॉ. प्रमथ राज सिन्हा वक्ता के तौर पर मौजूद रहे और स्टार्टअप के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। सिन्हा ने नोडल अधिकारियों से आह्वान किया कि आपको बच्चों को डर से दूर रखना है।
बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। सिन्हा ने वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि इतना अच्छा समय आगे नहीं आएगा।



**प्रेरित किया**

● सिन्हा ने वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि इतना अच्छा समय आगे नहीं आएगा

# सुकेश का खत, रेल हादसे के पीड़ितों को करना चाहता है मदद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की मं**डोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने जेल से ही एक और खत लिखा है। खत लिखकर नए-नए खुलासे करने वाले सुकेश चंद्रशेखर ने इस बार रेल मंत्री को खत लिखा है। सुकेश ने अपने खत में ओडिशा रेल हादसे के पीड़ितों के परिवारों को आर्थिक मदद देने की पेशकश की है। सुकेश ने कहा है कि वह पीड़ित परिवारों की मदद के लिए 10 करोड़ की आर्थिक सहायता देना चाहता है। सुकेश ने खत में लिखा है कि ओडिशा रेल हादसे के बारे में जानकर वह बीते कई दिनों से काफी दुखी है। उसने लिखा है कि वह हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के लिए दुआ करता है। सुकेश ने कहा कि वह उन लोगों की मदद करना चाहता है। इसलिए रेल मंत्री उसके प्रस्ताव को स्वीकार करें।



**मोदी सरकार के कार्य की भी की तारीफ:** सुकेश ने प्रस्ताव के साथ ये भी कहा कि वह जिन रुपयों को देने का प्रस्ताव पेश कर रहा है वह उसने पूरी तरह से कानूनी रूप से कमाई है जिसके वो सारे दस्तावेज भी दे सकता है। खत में सुकेश ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जो राहत-बचाव के कार्य किए हैं, उसकी भी तारीफ की है।

# बृजभूषण सिंह के आवास से पकड़ा गया एक शख्स, कर रहा था पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के आवास से एक शख्स को हिरासत में लिया है। दिल्ली पुलिस के सूत्र के मुताबिक, पकड़ा गया शख्स शुक्रवार सुबह बृजभूषण सिंह के आवास पर पहुंचा था और उनके बारे में स्टाफ से पूछ रहा था। इसके बाद उनके स्टाफ को कुछ शक हुआ तो पीसीआर कॉल की गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसको हिरासत में ले लिया गया। इससे पहले गुरुवार को भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। वहीं नाबालिग पहलवान के यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस ने केस को बंद करने के लिए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। इस मामले की जांच पर नजर रखने वाले नई दिल्ली जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोप पत्र में पूरक आरोप पत्र दायर करने की गुंजाइश छोड़ी है।



# दिल्ली पीआरएस की सभी सेवाएं साढ़े तीन घंटे रहेंगी बंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्टेटिक** और डायनैमिक डाटाबेस कम्प्रेशन कार्यों के कारण दिल्ली की पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) की सभी सेवाएं रविवार को मध्य रात्रि से अगले साढ़े तीन घंटे के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सिस्टम अपग्रेडेशन गतिविधियों के कारण दिल्ली पीआरएस की सेवाएं अर्थात आरक्षण, निरस्तीरकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा, इंटरनेट बुकिंग तथा ईडीआर सेवाएं 18 जून की मध्यरात्रि 11.45 बजे से 19 जून को तड़के 3.15 बजे तक लगभग 3.30 घंटे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी।

# नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदला

## प्राइम मिनिस्टर्स म्यूजियम एंव लाइब्रेरी सोसाइटी होगा नया नाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली स्थित** नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदल दिया गया है। इसे अब प्राइम मिनिस्टर्स म्यूजियम एंड लाइब्रेरी के नाम से जाना जाएगा। संस्कृति मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह फैसला गुरुवार को सोसाइटी की एक विशेष बैठक में लिया गया। विशेष बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जो इस सोसायटी के उपाध्यक्ष भी हैं। इस मौके पर कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने अपने स्वागत भाषण में नाम में परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय लोकतंत्र के प्रति राष्ट्र की गहरी प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है और इसलिए संस्थान का नाम अपने नए रूप को प्रतिबिंबित करना चाहिए।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2016 में तीन मूर्ति परिसर में भारत के सभी प्रधानमंत्रियों को समर्पित एक संग्रहालय स्थापित करने का विचार रखा था। एनएमएमएल की कार्यकारी परिषद ने 25 नवंबर 2016 को आयोजित अपनी 162वीं बैठक में इसे मंजूरी दी थी। तीन मूर्ति एस्टेट में सभी प्रधानमंत्रियों के संग्रहालय 21 अप्रैल 2022 को जनता के लिए खोल दिया गया।



**कांग्रेस भड़की**

● विशेष बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जो इस सोसायटी के उपाध्यक्ष भी हैं।

# यात्री के सामान की चोरी के लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली,**
**सुप्रीम कोर्ट ने** एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यात्रियों के निजी सामान की चोरी के लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं है। जस्टिस विक्रमनाथ की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने उपभोक्ता फोरम के फैसले को रद्द करते हुए कहा कि यात्री अगर अपने सामान की सुरक्षा खुद नहीं कर पाता है तो इसके लिए रेलवे को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि यात्री के पास से एक लाख रुपये चोरी होना, रेलवे की ओर से सेवा में कमी नहीं है। दरअसल, एक यात्री एक लाख रुपये अपने साथ लेकर यात्रा कर रहा था। ट्रेन यात्रा के दौरान यात्री के पास से एक लाख की नकदी की चोरी हो गई। इसके खिलाफ उसने उपभोक्ता फोरम में शिकायत की, जिसपर सुनवाई करते हुए उपभोक्ता फोरम ने रेलवे द्वारा यात्री को एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाने का फैसला



# निजी हज ऑपरेटरों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 19 जून को सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पंद्रह निजी हज ऑपरेटरों को केंद्र सरकार द्वारा अयोग्य करार देने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। सुप्रीम कोर्ट उनकी याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। जस्टिस विक्रमनाथ की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने 19 जून को याचिका पर सुनवाई करने का आदेश दिया। निजी हज ऑपरेटरों ने आज सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन बेंच के समक्ष मामले की जल्द सुनवाई की मांग की। निजी हज ऑपरेटरों ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा अयोग्य करार देने की वजह से अब वह हज करने वालों को हज पर भेजने में सक्षम नहीं हैं।

# ठगी के आरोपित संजय शेरपुरिया को न्यायिक हिरासत में भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित ठग संजय शेरपुरिया को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। संजय शेरपुरिया की ईडी हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उसे ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने संजय शेरपुरिया को 30 जून तक की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। कोर्ट ने 13 जून को शेरपुरिया की आज तक की ईडी हिरासत में भेजा था। ईडी ने शेरपुरिया की तीन दिनों की रिमांड की मांग करते हुए कहा कि 12 मई को 17 जगहों पर छापेमारी की गई थी। इस छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड को जब्त किया गया। उन सभी को लेकर पूछताछ करनी है। ईडी ने इसके लिए तीन दिनों की हिरासत अवधि को बढ़ाने की मांग की। ईडी की ओर से पेश वकील एनके माटा ने कहा था कि पूछताछ में पता चला कि दस करोड़ रुपये की नकदी को वैध बनाया गया। ईडी ने शेरपुरिया को मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है। शेरपुरिया पर आरोप है कि उसने एनजीओ के जरिए स्वरोजगार देने के नाम पर ठगी की। इतना ही नहीं उसने देश के शीर्ष नेताओं के साथ फोटो खिंचवाकर उसके जरिए भी धन उगाही की है। साथ ही उस पर टैक्स चोरी के भी आरोप हैं। शेरपुरिया को लखनऊ जेल में पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार किया था।

**जांच जारी**

● संजय शेरपुरिया की ईडी हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उसे ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया

## न्यूज फ्लैश

### सैमसंग ने सॉल्व फॉर टुमॉरो 2023 की टॉप 30 टीमों की घोषणा की

**गुरुग्राम ।** सैमसंग इंडिया ने आज अपने यूथ एजुकेशन एवं इनोवेशन कॉम्पटीशन 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' की टॉप 30 टीमों की घोषणा कर दी है। सैमसंग ने इस प्रतियोगिता की शुरूआत देश के युवाओं के बीच आधुनिक सोच को विकसित करने और समस्या का समाधान करने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की है। इस प्रतियोगिता में 16-22 वर्ष के युवाओं की ओर से चार विषयों से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए आइडिया आमंत्रित किए हैं। इन चार विषयों में एजुकेशन एवं लर्निंग, हेल्थ एवं वैलनेस, एन्वायरमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी और डायवर्सिटी एवं इनक्लूजन शामिल हैं। सॉल्व फॉर टुमॉरो 2023 में पूरे देश भर से टीमें शामिल हो रही हैं। इन टीमों ने भारत की विभिन्न समस्याओं के समाधान से जुड़े आइडिया पेश किए हैं। प्रतियोगिता को देश के 500 शहरों, कस्बों और गांवों के युवाओं की ओर से 70,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए हैं। इस सीएसआर प्रोग्राम के इस दूसरे साल के लिए, सैमसंग इंडिया ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्टार्टअप हब और व्व्व्व दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ साझेदारी की है। श्री ह्यून किम, कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने कहा, ह्लसैमसंग में, हम युवाओं की उन शक्तियों का उपयोग करने में विश्वास करते हैं जो अपने कौशल और क्षमताओं से समाज के अंदर बदलाव ला सकते हैं। हमारा फ्लैगशिप सीएसआर प्रोग्राम सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो देश के युवाओं के मन में इनोवेशन की भावना को जगाता है। हमने जिन टॉप 30 टीमों का चयन किया है, वे प्रतियोगिता के अगले चरण में कदम रखेंगी। यहां हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने में अपना योगदान करते हुए ये आइडिया आगे चलकर क्या आकार लेते हैं

### जॉल्व ने ग्लोबल स्कॉलरशिप प्रोग्राम लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** वैश्विक नागरिकों को वित्तीय उत्पादों की निष्पक्ष उपलब्धता संभव बनाने वाले एवं क्रॉसबॉर्डर वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाले ग्लोबल बैंक, जॉल्व ने अपने जॉल्व स्कॉलरशिप प्रोग्राम की घोषणा की है। 50,000 डॉलर की यह स्कॉलरशिप राशि पूरे विश्व में 10 चयनित विद्वानों को वितरित की जाएगी। इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 15 अप्रैल, 2023 से शुरू हो चुके हैं, और 30 जून, 2023 तक चलेंगे। इस प्रोग्राम के परिणामों की घोषणा 1 अगस्त से 15 अगस्त, 2023 के बीच की जाएगी। जॉल्व स्कॉलरशिप प्रोग्राम का उद्देश्य विश्व में उन युवा नेतृत्वकताओं को पहचानना है, जो उत्कृष्टता, नेतृत्व की क्षमता और सकारात्मक प्रभाव लाने का जुनून प्रदर्शित करते हैं। इस स्कॉलरशिप के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, जिसमें इंटरव्यू और पैनल वाताएं शामिल होंगी और यह हर साल आयोजित होने वाला कार्यक्रम होगा।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने देशव्यापी विशाल रक्तदान अभियान शुरू किया

**नोएडा।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आज अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत एक विशाल रक्तदान अभियान लॉन्च करने की घोषणा की है। इस अवसर पर श्री शक्ति मोहन अवस्थी, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस, नोएडा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए और उन्होंने एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी श्री होंग जु जीयोन के साथ इस रक्तदान अभियान का उद्घाटन किया। छह से आठ हफ्तों में यह अभियान एलजी के 51 कार्यालयों को शामिल करेगा और इसका लक्ष्य रोटरी क्लब, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी और राज्य तथा जिले के विभिन्न अस्पतालों समेत ब्लड बैंक्स के साथ मिलकर पूरे भारत में 100 कैम्प आयोजित करना है। लाइफ इज गुड व्हेन लाइफ इज शेयर्ड की मुख्य थीम पर एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सार्थक हस्तक्षेपों के द्वारा भारत में अपने सफल परिचालन के 26 वर्ष पूरे होने को यादगार बनाने की योजना बनाई है। एलजी इस साल देश में 100 कैम्प लगाकर अपने प्रयासों को बढ़ावा देना चाहता है। इस विशाल रक्तदान अभियान के माध्यम से कंपनी रक्तदान के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना चाहती है।

### कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन फुटवियर इंडस्ट्रीज ने फुटवियर उद्योग को आगे बढ़ाने की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन फुटवियर इंडस्ट्रीज ने 27 जुलाई को आयोजित होने वाले अपने 7वें इंडिया इंटरनेशनल फुटवियर फेयर की भव्य योजनाओं की घोषणा करने के लिए आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया। आईआईएफएफ का आयोजन 27 जुलाई 2023 को नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में किया जाएगा। मशहूर वार्षिक बी2बी मेला प्रदर्शकों के लिए नए डिजाइन और उत्पादों के प्रदर्शन के साथ-साथ फुटवियर क्षेत्र के विभिन्न उद्योग कर्मियों और उद्यमियों के लिए नेटवर्किंग और व्यापार के अवसरों का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। सीआईएफआई के नेशनल प्रेसिडेंट वी नौशाद ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा, भारतीय फुटवियर सेगमेंट पहले से ही तेज गति से विस्तार कर रहा है, इस तरह के उद्योग आयोजन इसके विकास को अगले स्तर तक लेकर जाएंगे। साल-दर-साल हमने देखा है कि आईआईएफएफ काफी बड़ा होता जा रहा है, न केवल संख्या के मामले में, बल्कि मूल विचारों को पैदा करने और व्यावहारिक समाधान पेश करने के लिए एक प्रभावशाली नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में यह मूल्यों को सामने लेकर आता है। हमें पूरा विश्वास है कि इस वर्ष का मेला इस क्षेत्र में एक गेम चेंजर बन जाएगा और इसके सभी प्रतिभागियों के लिए इसके फायदों अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक बेहद उपयोगी कार्यक्रम होगा।

# 'पन्ना प्रमुख करे जन सेवक की तरह कार्य'

## कांग्रेस तो प्रदेश तक का भी संगठन नही बना पाई, भाजपा पहुंच गई है पन्ना प्रमुख तक : धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**इसराना हलके** के पन्ना प्रमुख सम्मेलन का मतलौडा की अनाज मंडी में शुक्रवार को आयोजन किया गया, जिसमे कई हजार पन्ना प्रमुखों ने भाग लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, लोकसभा सांसद संजय भाटिया, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज, ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा व मेयर अवनीत कौर ने भारत माता, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इसके बाद कार्यक्रम के संयोजक



एवं राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने पगड़ी पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ का स्वागत किया। जबकि पानीपत जिला की ओर से भाजपा जिला अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने धनखड़ का बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, मंडल अध्यक्ष योगेश भादड, सोमबीर मलिक व सतबीर पांचाल का पगड़ी पहनाकर तथा मंडल पालक सरदार अमरजीत सिंह कोहली, अशोक कटारिया तथा राममेहर मालिक, मंडल प्रभारी सुनीता गोयल ,राजेश जागलान तथा सुमित जागलान, जिला मंत्री सुनील परढाना का शाल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा की सभी पन्ना प्रमुख अपने पन्ने के लोगों के दुख-सुख में शामिल होकर एक अच्छे पड़ोसी होने के नाते उनकी मदद करे।

पन्ना प्रमुख में सेवा भाव होना भी जरूरी है और केवल वोट लेना हमारा हमारा ध्येय नही है बल्कि समाज सेवा भी हमारा उद्देश्य है। धनखड़ ने कहा की कांग्रेस का अभी तक प्रदेश का भी संगठन नही बना है। कुमारी सैलजा तथा अशोक तंवर भी अपना संगठन नही बना पाए थे अब उदयभान भी संगठन नही बना पाए, ये क्या भाजपा का मुकाबला करेंगे जबकि भाजपा पन्ना प्रमुख तक पहुंच गई है।

उन्होंने अंत में पन्ना प्रमुखों से कहा की देश के तेज विकास तथा देश के गौरव को विश्व में सतत बढ़ते रहने के लिए तथा विश्व गुरु बनाने के लिए आज से ही जुट जाएं। कार्यक्रम के संयोजक तथा राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा की मोदी जी सभी वर्गो को साथ लेकर चल रहे है।

# जमीन पर कब्जा करने को लेकर 14 पर एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला में** प्रशासन द्वारा कब्जा छुड़वाने के बाद ग्रामीणों ने फिर 45 एकड़ पंचायती जमीन पर कब्जा कर लिया। मामला मुलाना थाना के अंतर्गत आने वाले गांव गगनहेड़ी का है। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर 14 ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सरपंच नरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव की पंचायती देह की जमीन पर काफी लोगों ने नाजायज कब्जा किया हुआ था। जिला प्रशासन द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करके 18 मई को पंचायत को कब्जा दिलाया था। 27 मई को जरनैल सिंहए पवन कुमार व मनीष कुमार ने पंचायती जमीन पर ट्रैक्टर चला जुताई कर ली। सरपंच ने बताया कि काकाए गरीब दासए सिंगराम संजीव कुमारए बलबीर सिंहए कृष्ण और विरेंद्र ने 12 जून और कल गुरुवार को भी मोहन लालए प्रवीण कुमार और सतिंद्र ने पंचायती जमीन पर जुताई की। वहींए करनैल सिंह ने पंचायती जमीन पर कब्जा करने के लिए गुहारा कर रखा है। सरपंच ने बताया कि इस संदर्भ में पंचायत अधिकारी साहा को भी सूचित किया है। सरपंच ने बताया कि उसके गांव के बलबीर सिंह ने नाजायज कब्जा छुड़वाने के खिलाफ हाईकोर्ट में केस दायर किया हुआ है। कोर्ट में स्टे लगाया हुआ है। मुलाना थाना पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 447ए 511 व 120बी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा में लम्बी है नाराजगी छुपाये बैठे लोगों की लिस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**भाजपाईयों में** यकायक बेचैनी बढ गई है, या यूं कहें कि बेचैन लोग अब अपनी पीडा का इजहार करने लगे हैं। जिलाध्यक्ष मधु शर्मा ने जनप्रतिनिधियों के साथ अनबन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे की जो वजह मधु शर्मा ने बताई है, वह चैंकाने वाली है। सोशल मीडिया पर इसके बाद प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। कार्यकर्ता खुल कर सामने आ रहे हैं। सहकारिता के चुनाव में विधायकों, एमएलसी द्वारा अपने परिजनों को तवज्जो दिये जाने का आरोप लगाते हुए मधु शर्मा ने पद से इस्तीफा दिया। विधायक राजेश चौधरी, मंत्री चौधरी लक्ष्मीनरायण, विधायक पूरन प्रकाश, एमएलसी आदि ने बैठक में अपने परिजनों के नाम आगे कर दिये। इसका विरोध जिलाध्यक्ष मधु शर्मा ने किया। इसी को लेकर विवाद बढा और मधु शर्मा ने इस्तीफा दे दिया। जैसे ही यह बात कार्यकताओं तक पहुंची कार्यकताओं की प्रतिक्रया सामने आने लगी। अभी तक जो कार्यकर्ता चुप बैठे थे वह भी मुखर होकर सामने आने लगे हैं। वहीं जनप्रतिनिधियों ने इस पूरे मामले पर चुप्पी साध ली है। मधु शर्मा ने कार्यकर्ताओं का पक्ष लिया है और जनप्रतिनिधियों पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि जब सब इन्हीं के खाते में चला जाएगा तो कार्यकर्ता को कैसे संतुष्ट किया जाएगा जो लगातार काम कर रहे हैं। मथुरा भाजपा में हलचल मची हुई है। इसके बाद तमाम नेता और पार्टी के चुने हुए जनप्रतिनिधि असहज महसूस कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर आम कार्यकर्ता मधु शर्मा का पक्ष लेते दिख रहे हैं। कई कार्यकर्ता चैंकाने वाली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि कोई काम पडने पर एक ही बहाना बना दिया जाता है कि उनकी चल नहीं रही है। जबकि जनप्रतिनिधि अपने सभी काम करा लेते हैं। जनता का कोई काम लेकर जाएं तब भी यही कह दिया जाता है।

# प्रमोशन की नई नीति के खिलाफ जमकर बरसे कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति प्रमोशन में टेस्ट पास करने की शर्त के ड्राफ्ट को जलाकर विरोध प्रकट किया। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सर्व कर्मचारी संघ के कार्यकताओं ने ब्लाक प्रधान सतनाम सिंह व सचिव अरुण कुमार के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में प्रमोशन में टेस्ट की शर्त के ड्राफ्ट को वापिस लेने । कौशल रोजगार निगम को भंग कर कच्चे कर्मचारियो को पक्का करने तथा एनपीएस को खत्म कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। प्रदर्शन में शामिल नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान मांगे साहिब व सचिव विजय कुमार ने एसडीएम महोदया के संज्ञान में लाया कि नगरपालिका में पे-रोल के सफाई कर्मचारियों को सरकार के निदेर्शों के बावजूद समान कसम समान वेतन नही दिया जा रहा है।

# मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी के 3डी मॉडल का मेयर, नगर आयुक्त ने किया अनावरण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**वृंदावन नगर** निगम ने रिसिटी नेटवर्क और एलायंस टू एंड प्लास्टिक वेस्ट के सीएसआर फण्ड के सहयोग से नगला कोल्हू स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, मथुरा में महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त अनुनय झा द्वारा अत्याधुनिक 250 मेट्रिक टन प्रतिदिन मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर एमआरएफ के 3डी मॉडल का अनावरण किया गया। जिसमे अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार नगर निगम मथुरा वृन्दावन, एईपीडब्ल्यूडी से ईशा शार और नगर निगम मथुरा वृन्दावन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित



रहे। परिक्रम परियोजना की नीव रिसिटी, एईपीडब्ल्यूडी और मथुरा वृंदावन नगर निगम के संयुक्त पहल द्वारा एक साल पहले रखी गई थी। जिसके अंतर्गत एक एमआरएफ का निर्माण किया जाना है। जिसे रिसिटी नेटवर्क द्वारा आगामी 10 वर्षों तक संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त अनुनय झा ने अवगत कराया कि यह प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप शहर के अपशिष्ट प्रबंधन और प्रसंस्करण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मथुरा वृंदावन को इस तरह के स्टेट ऑफदी आर्ट एमआरएफ के निर्माण की अतिआवश्यकता है क्योंकि यह मथुरा वृंदावन की सर्कुलर इकोनॉमी यात्रा में एक नए अध्याय की शुरूआत करेगा। यह एमआरएफ प्रति दिन 250 मीट्रिक टन अपशिष्ट का प्रबंधन करने में सक्षम है।

# विज ने कार्यकर्ताओं के साथ विकास कार्यों का किया अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**गृह एवं** स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को विकास तीर्थ यात्रा के तहत भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ अम्बाला छावनी में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए इन विकास कार्यों बारे कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने शहीदी स्मारक, वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम, बैंक स्क्वेयर, फायर ब्रिगेड भवन, ब्वायज होस्टल, मल्टी लेवल पार्किंग, होम्योपैथिक कॉलेज, सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए जायजा भी लिया।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर बताया कि विकास तीर्थ यात्रा के तहत हिन्दुस्तान में जो-जो विकास कार्य हो रहे हैं, उस बारे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर इन विकास कार्यों बारे जानकारी दी जा रही है। अम्बाला छावनी में अनगिनत विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। इसके बावजूद जो-जो मुख्य परियोजनाएं एवं विकास कार्य हैं, उनका आज निरीक्षण किया गया है। अखबारों में तो इन विकास कार्यों बारे समय-समय पर जानकारी मिलती है लेकिन मौके पर जाने से काफी कुछ पता चलता है। उन्होंने इस मौके पर बताया कि अम्बाला-दिल्ली राष्ट्रीय



राजमार्ग पर 22 एकड़ में 550 करोड़ रुपये की लागत से शहीदी स्मारक बनाने का काम किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य के तहत सिविल वर्क का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। लगभग 149 करोड़ रुपये की लागत से इंटीरियर वर्क के टैंडर 20 जून को खुलेंगे, जिसके बाद इस कार्य को करवाने का काम किया जाएगा। इंटीरियर वर्क के तहत देश की नामी कम्पनियां इस कार्य को करने में अपना योगदान देंगी। इस अवसर पर वीडियो क्लीप के माध्यम से यहां पर शहीदी स्मारक को जो कार्य होगा, उसकी भी जानकारी दी गई तथा गृह मंत्री ने कार्यकताओं के साथ पूरे शहीदी स्मारक का जायजा लेते हुए कार्यकर्ताओं को इस विशाल स्मारक के बारे में जानकारी दी।

गृहमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि इस भव्य शहीदी स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों हो। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि आजादी की पहली लड़ाई अम्बाला छावनी से शुरू हुई थी। कांग्रेस द्वारा हमें यही पढ़ाई गया कि आजादी की लड़ाई में कांग्रेस का योगदान था लेकिन कांग्रेस का जन्म तो 1885 में हुआ था। कांग्रेस के जन्म से 28 साल पहले ही आजादी की लड़ाई की पटकथा शुरू हो गई थी और इसकी शुरूआत अम्बाला से हुई थी। उन्होंने बताया कि यह स्मारक हिन्दुस्तान का सबसे बेहतरीन स्मारक होगा, जिसमें आजादी के अनसंग हीरोज के बारे सम्पूर्ण चित्रण यहां दशार्या जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस स्मारक में तीन चरणों में आजादी की लड़ाई से सम्बन्धित जो घटनाएं एवं इतिहास है, उसे दर्शाया जाएगा।

# परिक्रमा मार्ग चौडीकरण में ग्रामीणों ने लगाये भेदभाव के गंभीर आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**ब्रज के** विकास के लिए नितनई योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। ब्रज विकास तीर्थ परिषद लगातार प्रयास में लगा है। 84 कोसी परिक्रमा के अलावा मथुरा वृंदावन सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के परिक्रमा मार्गों को भी विकसित किया जा रहा है। इस बीच बरसाना के मानपुर गांव के लोगों ने परिक्रमा मार्ग के चैडीकरण में भेदभाव बरते जाने के आरोप लगाये हैं। बरसाना परिक्रमा का निर्माण हो विरोध देखने को मिला है। बरसाना के मानपुर गांव में बरसाना की परिक्रमा निर्माण को लेकर मानपुर गांव के लोग परिक्रमा चैरीकरण के विरोध में बरसाना नगर पंचायत जाकर चेयरमैन प्रतिनिधि पदमफौजी से मिले। लोगों का कहना है कि पुराने समय में यहां से बरसाना परिक्रमा नहीं थी। लेकिन फिर भी बनाई जा रही है। पहले रास्ता जितना था उसी पर परिक्रमा का निर्माण हो रहा था, गांव वालों का कहना है कि अचानक मानपुर में परिक्रमा मार्ग चैडीकरण बिना नोटिस के ही करने के लिए निशान लगा दिये गये। परिक्रमा मार्ग एक तरफ से ही क्यों चैडा किया जा रहा है। जब परिक्रमा मार्ग चैडा करना ही हं तो दोनों तरफ से क्यों नहीं हो रहा। मानपुर गांव के लोगों का कहना है कि हम राजनीति के शिकार हो रहे हैं। कोई पैमाइश परिक्रमा मार्ग की नही बतायी जा रही। गांव वालों की बात सुन चेयरमैन प्रतिनिधि पदमफौजी ने परिक्रमा मार्ग को स्वयं देखने और उच्चाधिकारियों से बात कर समाधान करने की बात कही। जिसमें मानपुर गांव से गोविंद सिह, विजयसिंह, छैलबिहारी, राजवीर सिंह, राधे श्याम, मंगल, कालीचरन, महाराज सिहं, शिवराज, सजन, सत्तों आदि ने शिकायत की है।

# बीएनआई ने भारत में अपने 50,000 से ज्यादा सदस्यों की उपलब्धि का जश्न मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दुनिया के** सबसे बड़े रेफरल मार्केटिंग संगठन, बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) ने भारत में पचास हजार सदस्यों के आंकड़े को पार कर लिया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने के साथ ही बीएनआई ने भारत के टियर 3 एवं 4 शहरों में लघु उघोगों को सशक्त बनाने के लिए एक अभूतपूर्व पहल की भी घोषणा की है। बीएनआई के संस्थापक और चीफ विजनरी ऑफिसर डॉ. इवान मिस्नर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की व उत्साहवर्धन के लिए भारत का दौरा भी किया। वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों एवं कठिनाइयों के बावजूद बीएनआई ने भारत में मजबूती से अपनी भूमिका निभाई व विकास की गति को जारी रखा । बीएनआई ने देश के 121 शहरों में स्थित 1080 चैप्टर्स में 50,830 सदस्यों के साथ अपनी मौजूदगी को मजबूती से स्थापित किया है।

# यमुना प्रदूषण पर करोडों खर्च करने के बाद फिर जनसंवाद

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**पृथ्वी गोल है।** यमुना को प्रदूषण मुक्त करने की कवायद में करोडों खर्च के बाद फिर जनसंवाद की जरूरत महसूस हुई है। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्टेज्ट में आयोजित यमुना संवाद के दौरान कहा कि जनपदवासियों के सहयोग एवं जनसहभागिता के माध्यम से यमुना का शुद्धीकरण किया जा सकता है। हम सभी को यमुना के शुद्धीकरण के लिए आगे आना होगा तथा यमुना की प्रवाह को अविरल बनाने का प्रयास करना होगा। यह सब तभी संभव है जब आप सभी का सहयोग होगा।




जिलाधिकारी ने कहा कि जब जागो तभी सवेरा होता है, इसलिए हमें मिलकर यह कार्य प्रारम्भ करना है और यमुना मैया को स्वच्छ बनाना है। नगर निगम मथुरा वृन्दावन में यमुना का प्रवाह लगभग 16 किमी है, जिसमें विभिन्न प्रसिद्ध घाट आते हैं। संवाद में जनपद के पत्रकारों, समाजसेवियों, गणमान्य व्यक्तियों, प्रबुद्धजनों, एनजीओ आदि ने अपने अपने सुझाव तथा जानकारी सांझा की, जिसमें यमुना की सफाई, प्रदूषण से मुक्ति, अविरलधारा आदि के संबंध में अपने विचार रखे। लोगों ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की गुणवत्ता की जांच कराने के सुझाव रखे। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सात सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की जांच की जायेगी। संवाद में लोगो ने घाटों एवं यमुना के किनारे बनी दुकानदारों को वेस्ट सेग्रीगेशन करवाने के सुझाव रखे। कूड़े को सही तरीके से डिस्पोज करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनपद में पॉलीथीन को पूर्ण रूप से बंद करते हुए जूट के थैले का प्रयोग करने हेतु जन जागरूक करनी चाहिए। संवाद में लोगों ने यम

# बस स्टैंड के नजदीक रेहड़ी फड़ी लागने को लेकर जमकर हुआ विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला** शहर के बस स्टैंड के पास पार्किंग में एक बार फिर रेहड़ी फड़ी लगाने को लेकर जमकर हंगामा किया। रेहड़ी फड़ी वालों ने पार्किंग में रेहड़ियां लगानी शुरू कर दी जिसके बाद दुकानदार भी एक जुट हो गए। दुकानदारों का कहना था कि यदि पार्किंग में वाहन नहीं लगेंगे तो दुकानों के आगे वाहन खड़े करने शुरू कर देंगे। उन्होंने विरोध स्वरूप अपनी दुकानें बंद कर दी। मामलें की गंभीरता को देखते हुए कुछ लोग जीएम के पास भी पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां रखे मेज व अन्य समान हटाया



गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को चेतावनी भी दी और उक्त स्थान को खाली करवाया। बस स्टैंड के बाहर जो लोग रेहड़ियां लगाते है उन्हें हटाया गया था लेकिन आज सुबह आज रेहड़ी फड़ी वाले उक्त स्थान पर आए और अपनी दुकाने लगाने शुरू कर दी जिसके चलते दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया।

एसएचओ विरेन्द्र सिंह व नगर निगम की टीम के बाद रेहड़ी फड़ियां हटाई गई लेकिन रेहड़ी फड़ी वालों को कहना था कि वह गरीब लोग है वह रेहड़ी फड़ी लगा कर अपना व परिवार का पालन पोषण करते है। ऐसे में अब वह सड़क किनारें रेहड़ियां न लगाते हुए उक्त स्थान पर रेहड़ी फड़ी लगा रहे है जिससे न ही रास्ता प्रभावित होगा और न ही किसी व्यक्ति को कोई परेशानी होगी लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें यहां रेहड़ी फड़ी लगाने नहीं दी जा रही। उन्होंने प्रशासन की इस कार्यवाही का विरोध किया और कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह उन्हें रेहड़ी फड़ी लगाने के लिए प्रर्याप्त स्थान दें जिससे वह अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें।

गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार रेहड़ी फड़ी वाले धरने प्रदर्शन कर चुके हैं उनका कहना है कि प्रशासन उन्हें इस रोड़ पर रेहड़ी फड़ी नहीं लगाने देता जबकि वह निर्धारित स्थान पर ही रेहड़िया लगा रहे है। ऐसे में यदि कोई परेशानी हो तो बातचीत की जरिए ही समस्या का समाधान किया जा सकता है लेकिन यहां परिस्थिति बहुत विपरित है। जब भी यहां पर रेहड़ी फड़ियां लगाई जाती है।वहीं सूचना मिलते ही जेजेपी नेता विवेक ललाना मौके पर पहुंचे उनका कहना था कि उक्त स्थान पर पार्किंग नहीं थी यहां पर तो पानी का जोहड़ था। उन्होंने कहा कि जो पार्किंग क्षेत्र भी नहीं है। ऐसे में यदि यहां कोई वाहन खड़ा करता है उसके भी चालान काटे जाने चाहिए।

# मथुरा में बडे बिजली चोरों पर विद्युत विभाग की कार्यवाही

**विजलेंस टीम लगातार छापेमार कार्यवाही कर रही है। फरह में दो घरों में 15 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी है**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**बडे बिजली** चोरों पर विद्युत विभाग की नजर टेढी हो गई है। विजलेंस टीम लगातार छापेमार कार्यवाही कर रही है। फरह में दो घरों में 15 किलोवाट की बिजली चोरी पकडी है। पांच एसी मीटर बाईपास कर कर सीधे कटिया डालकर चलाए जा रहे थे। प्रबंधन निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण



निगम लिमिटेड आगरा के आदेश पर बड़े बिजली चोरों पर कार्यवाही जारी है। एमडी कैंप से प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर मथुरा के फरह क्षेत्र के गांव में प्रवर्तन दल मथुरा व विभागीय टीम के साथ छापामार कार्यवाही कराई गई तो दो घरों में करीब 15 किलो वाट से अधिक की विद्युत चोरी पकड़ी गई है जिनमें पांच से अधिक एसी मीटर बाईपास करके सीधे कटिया से चलाए जा रहे थे। लखमीचंद पुत्र धर्मजीत निवासी ग्राम भैंसा के यहां तीन किलोवाट भार का मीटर लगा था जबकि आठ किलोवाट भार की खपत मिली।

## संपादकीय

# शिक्षा से दूर, बच्चे ही मजबूर

**पढ़ने-लिखने** की उम्र में श्रम के तंदूर में झुलसता बचपन किसी के लिए भी त्रासद हो सकता है। आखिर कौन माता-पिता नहीं चाहता कि उसका बेटा भी पढ़-लिखकर सुसभ्य नागरिक और देश का निमार्ता बने। यह तब है जब भारत में बाल श्रम के खिलाफ राष्ट्रीय कानून और नीतियां प्रभावी हैं। भारत का संविधान (26 जनवरी 1950) मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत की विभिन्न धाराओं के माध्यम से कहता है-14 साल के कम उम्र का कोई भी बच्चा किसी फैक्टरी या खदान में काम करने के लिए नियुक्त नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य खतरनाक नियोजन में नियुक्त किया जाएगा (धारा 24)। राज्य अपनी नीतियां इस तरह निर्धारित करेंगे कि श्रमिकों, पुरुषों और महिलाओं का स्वास्थ्य तथा उनकी क्षमता सुरक्षित रह सके और बच्चों की कम उम्र का शोषण न हो तथा वे अपनी उम्र व शक्ति के प्रतिकूल काम में आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रवेश करें (धारा 39-ई)। बच्चों को स्वस्थ तरीके से स्वतंत्र व सम्मानजनक स्थिति में विकास के अवसर तथा सुविधाएं दी जाएंगी और बचपन और जवानी को नैतिक व भौतिक दुरुपयोग से बचाया जाएगा (धारा 39-एफ)। संविधान लागू होने के 10 साल के भीतर राज्य 14 वर्ष तक की उम्र के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रयास करेंगे (धारा 45)। बाल श्रम एक ऐसा विषय है, जिस पर संघीय व राज्य सरकारें, दोनों कानून बना सकती हैं। इस संबंध में संघीय सरकार ने कानून भी बनाए गए हैं। इनमें प्रमुख हैं-बाल श्रम (निषेध व नियमन) कानून 1986। यह कानून 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 13 पेशा और 57 प्रक्रियाओं में, जिन्हें बच्चों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए अहितकर माना गया है, नियोजन को निषिद्ध बनाता है। इन धंधों और प्रक्रिया का उल्लेख कानून की अनुसूची में है। दूसरा है-फैक्टरी कानून 1948। यह कानून 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन को निषिद्ध करता है। 15 से 18 वर्ष तक के किशोर किसी फैक्टरी में तभी नियुक्त किए जा सकते हैं, जब उनके पास किसी अधिकृत चिकित्सक का फिटनेस प्रमाण पत्र हो। इस कानून में 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए हर दिन साढ़े चार घंटे की कार्यावधि तय की गई है और रात में उनके काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। भारत में बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई में महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप 1996 में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले से आया, जिसमें संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं और पेशों में काम करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें काम से हटाने और उन्हें गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया गया। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यह हुक्म भी दिया था कि एक बाल श्रम पुनर्वास सह कल्याण कोष की स्थापना की जाए। इसमें बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के अंशदान का उपयोग हो। बाल श्रम ऐसा दुश्चक्र है, जो बच्चों से स्कूल जाने का अधिकार छीन लेता है। पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकलने देता। साल 2011 की जनगणना के के अनुसार, भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ है। इसमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। दुनिया भर में 6.4 करोड़ लड़कियां और 8.8 करोड़ लड़के बाल मजदूर होने का अनुमान लगाया गया है। अगर इस अनुमान पर भरोसा किया जाए तो विश्व में प्रत्येक 10 बच्चों में से एक बच्चा बाल मजदूर है।

# उपजाऊ भूमि का मरुस्थल में बदलना गंभीर संकट

**ललित गर्ग**

> “ विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। भारत में भी यह चिंता लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि भारत की करीब 30 फीसदी जमीन मरुस्थल में बदल चुकी है। इसमें से 82 प्रतिशत हिस्सा केवल आठ राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा जारी ह्लस्टेट ऑफ एनवायरमेंट इन फिगर्स 2019ह्व की रिपोर्ट के मुताबिक 2003-05 से 2011-13 के बीच भारत में मरुस्थलीकरण 18.7 लाख हेक्टेयर बढ़ चुका है। सूखा प्रभावित 78 में से 21 जिले ऐसे हैं, जिनका 50 फीसदी से अधिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण में बदल चुका है। इस आपदा से निपटने के लिए कार्बन उत्सर्जन को रोकना ही काफी नहीं है ”

**विश्व** मरुस्थलीकरण रोकथाम दिवस (डब्ल्यूडीसीडी) वर्ष 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को मनाया जाने वाला ऐसा दिवस है जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाता, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करना और इसके लिये जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस की घोषणा की। बढ़ते मरुस्थल के प्रति सचेत होना इसलिये जरूरी है कि दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है।
मरुस्थलीकरण से बचाव के लिए जल संसाधनों का संरक्षण तथा समुचित मात्र में विवेकपूर्ण उपयोग काफी कारगर भूमिका अदा कर सकती है। इसके लिए कृषि में शुष्क कृषि प्रणालियों को प्रयोग में लाने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मरुभूमि की लवणता व क्षारीयता को कम करने में वैज्ञानिक उपाय को महत्व दिया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतः उत्पन्न होने वाली अनियोजित वनस्पति के कटाई को नियंत्रित करने के साथ ही पशु चरागाहों पर उचित मानवीय नियंत्रण स्थापित करना चाहिए। यह दिवस वैश्विक स्तर पर जन-जागरूकता फैलाने का ऐसा प्रयास है , जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की अपेक्षा की जाती है। इसका उद्देश्य भूमि की गुणवत्ता खराब होने से बचाना। राष्ट्रीय घरेलू उत्पाद में हर साल आठ प्रतिशत तक की गिरावट आने एवं भूमि क्षरण और उसके दुष्प्रभावों से मानवता पर मंडराते जलवायु संकट के और गहराने की आशंकाओं को देखते हुए इस दिवस की उपयोगिता एवं सार्थकता है। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं जिनसे दुनिया भर में लाखों लोग, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, प्रभावित हो रहे हैं।
भारत में लगातार बढ़ रहे रेगिस्तान की गंभीर चिन्ताजनक स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जागरूक है और अपनी दूसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत



के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि आजादी के अमृतकाल में सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी।
सरकार द्वारा मरुस्थलीकरण समस्या के समाधान के लिए भूमि और पारिस्थितिकी प्रबंधन क्षेत्र में नवाचार के जरिए टिकाऊ ग्रामीण आजीविका सुरक्षा हासिल करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।
उदाहरण के लिए उत्तराखण्ड सरकार ने आजीविका स्तर सुधारने के लिए भूमि, जल और जैव विविधता का संरक्षण और प्रबंधन किया। सरकार के इन्हीं प्रयासों के तहत अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) ने 19 अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर मरुस्थलीकरण और भूमि की गुणवत्ता के गिरते स्तर पर देश का पहला एटलस बनाया है तथा दूरसंवेदी उपग्रहों के जरिये जमीन की निगरानी की जा रही है।
इस प्रकार स्पष्ट है कि मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं। इस समस्या का तत्काल समाधान आज वक्त की माँग हो गई है। चूँकि इस समाधान से जहाँ भूमि संरक्षण और उसकी गुणवत्ता बहाल होगी, वहीं विस्थापन में कमी आयेगी, खाद्य सुरक्षा सुधरेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने के साथ वैश्विक जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं से निजात मिल सकेगा। इस संदर्भ में देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र संघ व भारत सरकार के प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन फिर भी उपलब्धियाँ नाकाफी रही हैं।
मरुस्थलीकरण एक तरह से भूमि क्षरण का वह प्रकार है, जब शुष्क भूमि क्षेत्र निरंतर बंजर होता है और नम भूमि भी कम हो जाती है। साथ ही साथ, वन्य जीव व वनस्पति भी खत्म होती जाती है। इसकी कई वजह होती हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसे रेगिस्तान भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2025 तक दुनिया के दो-तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। उन्हें कुछ ऐसे दिनों का भी सामना करना पड़ेगा जब जल की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर होगा। ऐसे में मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन बढ़ने की संभावना है और 2045 तक करीब 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। भारत में भी यह चिंता लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि भारत की करीब 30 फीसदी जमीन मरुस्थल में बदल चुकी है। इसमें से 82 प्रतिशत हिस्सा केवल आठ राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा जारी ह्लस्टेट ऑफ एनवायरमेंट इन फिगर्स 2019ह्व की रिपोर्ट के मुताबिक 2003-05 से 2011-13 के बीच भारत में मरुस्थलीकरण 18.7 लाख हेक्टेयर बढ़ चुका है। सूखा प्रभावित 78 में से 21 जिले ऐसे हैं, जिनका 50 फीसदी से अधिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण में बदल चुका है।
इस आपदा से निपटने के लिए कार्बन उत्सर्जन को रोकना ही काफी नहीं है। इसके लिए खेती में बदलाव करने होंगे, शाकाहार को बढ़ावा देना होगा और जमीन का इस्तेमाल सोच-समझकर करना होगा। ऊपजाऊ भूमि भी रेगिस्तान में तब्दील हो रही है। तकनीकी तौर पर मरुस्थल उस इलाके को कहते हैं, जहां पेड़ नहीं सिर्फ झाड़ियां उगती हैं। जिन इलाकों में यह भू-जल के खात्मे के चलते हो रहा है, वहां इसे मरुस्थलीकरण का नाम दिया गया है। लेकिन शहरों का दायरा बढ़ने के साथ सड़क, पुल, कारखानों और रेलवे लाइनों के निर्माण से खेतिहर जमीन का खात्मा और बची जमीन की उर्वरा शक्ति कम होना भू-क्षरण का दूसरा रूप है, जिस पर कोई बात ही नहीं होती। लेकिन मोदी की पहल से इस पर बात ही नहीं हो रही, बल्कि इस समस्या से निजात पाने की दिशा में सार्थक कदम भी उठाये जा रहे हैं।
रेगिस्तान या मरुस्थल एक बंजर, शुष्क क्षेत्र है, जहाँ वनस्पति नहीं के बराबर होती है, यहाँ केवल वही पौधे पनप सकते हैं, जिनमें जल संचय करने की अथवा धरती के बहुत नीचे से जल प्राप्त करने की अदभुत क्षमता हो। इस क्षेत्र में बेहद शुष्क व गर्म स्थिति किसी भी पैदावार के लिए उपयुक्त नहीं होती है। वास्तविक मरुस्थल में बालू की प्रचुरता पाई जाती है। राजस्थान प्रदेश में थार का रेगिस्तान दबे पांव अरावली पर्वतमाला की दीवार पार कर पूर्वी राजस्थान के जयपुर, अलवर और दौसा जिलों की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के राजस्थान में चल रहे प्रोजेक्ट में ऐसे संकेत मिल रहे हैं। अब तक 3000 किमी लंबे रेगिस्तानी इलाकों को उत्तर प्रदेश, बिहार और प. बंगाल तक पसरने से अरावली पर्वतमाला रोकती है। कुछ वर्षों से लगातार वैध-अवैध खनन के चलते कई जगहों से इसका सफाया हो गया है। उन्हीं दरारों और अंतरालों के बीच से रेगिस्तान पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ चला है। यही स्थिति रही तो आगे यह हरियाणा, दिल्ली, यूपी तक पहुंच सकता है।

## कविता

### चार मुक्तक

दूर नहीं वो दिन जब बेड़ियां टूट जाएंगी।
खुद-ब-खुद सब हथकड़ियां छूट जाएंगी।।
उसी दिन यकीनन निर्माण ऐसा हो जाएगा।
इंकलाब आएगा जब चुप्पियाँ टूट जाएंगी।।
ना जाने कैसा आचरण करने लगे लोग।
शातिर भी साधारण दिखने लगे हैं लोग।।
मुहबत की ओट लेकर करते हैं नफरतें।
मतलब का व्याकरण पढ़ने लगे हैं लोग।।
करता है तमाशा मदारी डुगडुगी बजाकर।
रखता है दर्शकों को खूब हँस-हँसाकर।।
कहता है कुछ,करता है कुछ ,देख निर्माण।
लूटता है जनता को बंदरों-सा नचाकर।।
अच्छे दिनों पर अखबार दिखाने वालो।
खरीद फरोख्त से सरकार बचाने वालो।
कभी गरीब का पेट झांककर देख लेना।
खाली पीली बातों पर दरबार सजाने वालो।
करनाल,हरियाणा। चार मुक्तक

दूर नहीं वो दिन जब बेड़ियां टूट जाएंगी।
खुद-ब-खुद सब हथकड़ियां छूट जाएंगी।।
उसी दिन यकीनन निर्माण ऐसा हो जाएगा।
इंकलाब आएगा जब चुप्पियाँ टूट जाएंगी।।

कृष्ण कुमार

# ट्विटर का भारत विरोधी एजेंडा

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**ट्विटर** के पूर्व सीईओ जैक डॉर्सी एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार अपने बयानों को लेकर। डॉर्सी ने एक यूट्यूब चैनल ब्रेकिंग प्वाइंट्स से बातचीत में कहा या कहें दावा किया कि भारत सरकार ने उनसे विरोध करने वाले ट्विटर अकाउंट और किसान आंदोलन से संबंधित अकाउंट को बंद करने को कहा था। अगर ऐसा नहीं हुआ तो भारत में ट्विटर को बंद कर दिया जाएगा। दफ्तर में छापे डाले जाएंगे। बस फिर क्या, डॉर्सी के इतना बोलते ही सभी विपक्षी दल एक्टिव हो गए। किसान नेता भी डॉर्सी का समर्थन कर रहे हैं। लेकिन जिस जैक डॉर्सी के बयान को विपक्ष और किसान नेता हाथों-हाथ ले रहे हैं उसका पिछला रिकॉर्ड तो चेक कर लिया होता। यह वही जैक डॉर्सी हैं जिन्होंने हाथ में ब्राह्मणवाद पर आपत्तिनक पोस्टर लहराया था, लेह को चीन का हिस्सा दिखा दिया था। जैक डॉर्सी पर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को भी प्रभावित करने के आरोप लगे थे। भारत की संप्रभुता पर हमला, भारत विरोधी एजेंडा चलाना आदि। अब जब जैक डॉर्सी ने आरोप लगाया है तो उन्हें उनके दौरान के विवाद भी याद दिला देते हैं। शायद भूल गए हों। डॉर्सी ने हद तो तब कर दी जब उन्होंने भारत की तुलना टर्की से कर दी। कहा कि तुर्की ने भी उनसे अपने देश में ट्विटर को बंद करने की धमकी दी थी। डॉर्सी के इन आरोपों पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि उनके दावे गलत हैं। चंद्रशेखर ने इससे उलट ट्विटर के सीईओ पर ही आरोप लगा दिए कि माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ने 2020 से 2022 के बीच कई बार नियम तोड़े थे। जैक अपने ही बयान के बाद फंस गए। जैक ने जब ये कहा कि तब वह शायद यह भूल गए कि भारत सरकार ने कार्यालय बंद करने की धमकी दी थी। न कार्यालय बंद हुआ, न कोई गिरफ्तार हुआ। हाँ, यह जरूर हुआ कि, ये ट्विटर के जरिये भारत विरोधी एजेंडा चलाया गया।हालांकि जैक डॉर्सी को अपने गिरेबान में झांककर देख लेना चाहिए। भारत एक संप्रभु राष्ट्र है। संविधान, संसद, कानून, अदालतें और चुनाव प्रणाली सब कुछ है, जो एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश में होने चाहिए। फिर बार-बार यह बयानबाजी क्यों की जाती है कि लोकतंत्र की हत्या कर दी गई? लोकतंत्र न होता, तो देश पर एक ही दल हुकूमत करता। देश वाकई में उत्तर कोरिया बन जाता! किसान आंदोलन नहीं कर पाते और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर विदेशी दुकानें न खुल पातीं! जब भारत में ईस्ट इडिया कंपनी ने सेंध लगाई थी, तब शुक्र है कि भारत गुलाम देश था। तब किसकी मौत, हत्या और खात्मे के शोर बुलंद किए जाते? अब ट्विटर के सह-संस्थापक और सीईओ रहे जैक डॉर्सी ने एक बयान दिया है, तो हाय-तौबा मच गई है कि तानाशाह एक डरपोक आदमी होता है। हमारे संविधान ने मौलिक और नागरिक अधिकार सिर्फ भारतीय को दिए हैं। विदेशी उद्योगपति उस श्रेणी के बाहर हैं। भारत में जो हजारों विदेशी कंपनियां कार्यरत हैं।

## विचार

# यूनिफॉर्म सिविल कोड का आगाज-कंसल्टेशन प्रक्रिया शुरू

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर आदि अनादि काल से भारत एक विविधता में एकता वाला देश रहा है, जहां हजारों लाखों जातियां उपजातियां धर्म धार्मिक समुदायों का निवास रहा है जो आपसी प्रेम भाईचारे से रहते आए हैं और अपने अपने धर्म की मान्यताओं के अनुरूप पीढ़ियों से अपना जीवन व्यतीत करते आ रहे हैं परंतु कुछ दशकों से हम प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से देख सुन रहे हैं कि जाति धर्म मजहब समुदाय की बातों के प्रचलन में वृद्धि हुई है स्वाभाविक ही है कि वैचारिकता में भी असर पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता इसी को आधार बनाकर लगभग सभी दलों पार्टियों ने अपने जनाधार की नीतियां रणनीतियां इसी को लेकर बनाई जाती हैपरिणामतः हाई कॉलोनाइजेशन, ध्रुवीकरण, सहिष्णुता इत्यादि शब्दों का प्रयोग बढ़ गया है। मानव समाज में धर्म, जात-पात का आधार पर बढ़ गया है और कानून, सुविधाएं, छूटों, बंधनों में अब धार्मिकता जातपात के आधार पर मुद्दे उत्पन्न होने शुरू हो गए हैं, इसीलिए ही शायद करीब 75 वर्ष पूर्व बनाए गए संविधान में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) का प्रावधान किया गया था जिसे हम संविधान की दूरदर्शिता का अंदाज लगा सकते हैं। चूंकि दिनांक 14 जून 2023 को भारत के 22 वें विधि आयोग द्वारा यूसीसी को लागू करने के संबंध में कंसल्टेशन रिपोर्ट बनाने के लिए पंजीकृत धार्मिक संस्थाओं और आम जनता से सुझाव विचार दर्ज.कराने का अनुरोध किया है ताकि इस कानून को लागू करने की ओर कदम बढ़ाए जा सके,सुझाव विचार दर्ज कराने की तारीख 13 जुलाई याने नोटिस के 30 दिनों के अंदर निर्धारित की गई है। हालांकि इसके पूर्व 2016 में भी इसी तरह का नोटिस निर्गमित हुआ था और 2018 में इनकी रिपोर्ट दी गई थी जिसमें इसे लागू करने को गैरजरूरी बताया गया था और कुछ दिशानिर्देश सुझाव जारी किए गए थे, परंतु अब 3 सालों से अधिक की लंबी गैप के बाद फिर सुझाव मांगे गए हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यूसीसी का आगाज - कंसल्टेशन प्रक्रिया शुरू। साथियों बात अगर हम विधि आयोग द्वारा एक बार फिर यूसीसी कंसल्टेशन के लिए 14 जून 2023 को एक पुष्ठ का नोटिस जारी करने की करें तो, समान नागरिक संहिता का मुद्दा एक बार फिर गरमा रहा है इस मुद्दे पर लॉ कमिशन एक बार फिर कंसल्टेशन पेपर जारी करने जा रहा है, इसके लिए सार्नजनिक और धार्मिक संगठनों से राय मांगी गई है. आयोग ने बुधवार (14 जून) को एक बयान जारी कर कहा कि 22 वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के बारे में मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के विचारों को जानने के लिए फिर से निर्णय लिया है जो लोग रुचि रखते हैं और इच्छुक हैं वे अपनी राय दे सकते हैं। आयोग ने विचार प्रस्तुत करने के लिए 30 दिन का समय दिया है।कर्नाटक हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस कीअध्यक्षता वाले 22वें लॉ कमीशन ने इच्छुक लोगों से अपने विचार अपने वेबसाइट या ईमेल पर देने के लिए कहा, उल्लेखनीय है कि 22वें विधि आयोग को हाल में तीन साल का कार्य विस्तार दिया गया है, इसने कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से एक पत्र भेजे जाने के बाद समान नागरिक संहिता से जुड़े विषयों की पड़ताल शुरू कर दी है। भारत में विभिन्न धर्मों के बीच शादी, तलाक, गोद लिए जाने जैसे निजी मामलों को एक ही कानून के तहत लाने के लिए सरकार देश में यूनिफार्म सिविल कोड लाना चाहती है, लेकिन भारत धर्मनिरपेक्ष और विविधताओं से भरा एक देश है और इसीलिए जहां कुछ लोग इसके समर्थन में हैं वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इसका विरोध कर रहे हैं बता दें कि जरूरत पड़ने पर आयोग व्यक्तिगत सुनवाई या चर्चा के लिए किसी व्यक्ति या संगठन को बुला सकता है। साथियों बात अगर हम विधि आयोग के 2018 में जारी किए गए कंसल्टेशन पेपर की करें तो, विधि आयोग ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा,शुरूआत में भारत के 21वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता पर विषय की जांच की थी और 07.10.2016 की एक प्रश्नावली और 19.03.2018, 27.03.2018 और 10.04.2018 की सार्वजनिक अपील/नोटिस के साथ अपनी अपील के माध्यम से सभी हितधारकों के विचारों का अनुरोध किया था। इसके अनुसरण में, आयोग को भारी प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई थी।
21वें विधि आयोग ने 31.08.2018 को पारिवारिक कानून में सुधार पर परामर्श पत्र जारी किया था।

एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# छत्रपति शिवाजी की निर्माता-वीरमाता जीजाबाई

**मृत्युंजय दीक्षित**

**बालपन से** ही वीरता की प्रतिमूर्ति - मां जीजाबाई, बचपन से ही शस्त्र सञ्चालन सीखना चाहती थीं औरउनके पिता लखूजी जाधवराव ने जो अपनी कन्या से अत्यंत स्नेह करते थे उनकी इस इच्छा को पूरा करने में कोई कोई कसर नहीं छोड़ी । शस्त्र कौशल में निपुण जीजा को उनके भाई रणचंडिका कहते थे । समय आने पर पिता जाधवराव वीर पुत्री जीजाबाई के लिए शूरवीर वर खोजा । वीर बालिका जीजा ही शाह जी की पत्नी और छत्रपति शिवाजी की मां के रूप में विख्यात हुईं। जिस समय जीजाबाई अपने भाईयों के साथ शस्त्र चलाना सीख रही थीं उस समय भारत पर मुगल आक्रमण हो रहा था। मुगल आक्रमणकारी भयानक रूप से हिंसा, मारकाट और लूट पाट कर रहे थे। मुगलों के सैनिक सामान्य हिन्दू जनता पर तरह- तरह के अत्याचार कर रहे थे। चारों ओर से मार काट, महिलाओं के अपहरण तथा शीलभंग, मंदिरों के ध्वंस, लूटपाट व आगजनी की ही सूचनाएं आ रही थीं । मुगलों के अमानवीय और निकृष्ट अत्याचारों के कारण हिंदू समाज विचलित था । जीजाबाई के पिता लखूजी जाधवराव स्वयं भी शस्त्रास्त्र चलाने में प्रवीण थे। लखूजी के पिता और दादा खेती में अधिक मन लगाते थे परंतु लखूजी ने अपने घर के लोगों को सैनिक शिक्षा दी तथा निजी सेना रखना प्रारंभ किया। वे कुलाभिमानी, महत्वाकांक्षी और पराक्रमी थे। जीजाबाई का विवाह काल और परिस्थिति के अनुकूल छोटी अवस्था में ही हो गया था। होली पर रंगपंचमी का उत्सव लखूजी के घर पर मनाया जा रहा था उस समय मोलाजी अपने बच्चे के साथ उत्सव में शामिल हुए थे नृत्य देखते हुए अचानक लखूजी जाधव ने जीजाबाई और मोलाजी के पुत्र शाहजी को एक साथ देखा तो और उनके मुख से निकला वाह क्या जोड़ी है।मोलाजी ने उनकी बात को सुन लिया और बोले, ह्वफिर तो मंगनी पक्की है। मोलाजी के पुत्र शाहजी भोसले ओर लखूजी की पुत्री जीजाबाई का विवाह संपन्न हुआ। विवाहोपरांत जीजाबाई ने 6 पुत्री व दो पुत्रों को जन्म दिया उसमें से ही एक शिवाजी थे।

## पत्थर की बात

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वह बेल्ट**, लात-घूंसों से पीटा गया था। रोता-चिल्लाता धड़ाम से फर्श पर ऐसा गिरा कि उसकी चोटों से शर्मिंदा होकर हाइड्रोजन अणु ऑक्सीजन के परमाणु से मिलकर अश्रुजल बनने से मना कर रहा था। आदमी जब कुछ नहीं कर सकता, रो तो सकता है। अब वह रो भी नहीं सकता। पता चला है कि रोने का पेटेंद किसी ने अपने नाम से सुरक्षित करवा लिया है। आजकल वह इसका इस्तेमाल केवल जनता को भावनात्मक ढंग से बेवकूफ बनाकर वोट बटोरने के लिए कर रहा है।
'सर जी हमने इसको पीटने को तो पीट दिया लेकिन इसकी पहचान करना भूल गए!' अट्ठावन इंच की तोंदवाला कांस्टेबल बोला। इसे पहचानने की क्या जरूरत। पत्थरबाजों की भीड़ में यह भी था। पत्थरबाजों का एक ही मजबह होता है और वह है.... लेकिन इसके हाथ में पत्थर तो नहीं था...फिर इंस्पेक्टर ने कांस्टेबल की बात को बीच में ही काटते हुए झ्र नहीं था का क्या मतलब। उसने मारा होगा...हम खुशकिस्मत वाले थे कि हमें नहीं लगा। समझे। फिर भी एक बार इसकी अच्छे से तलाशी लो। हो सकता है कि इसका कोई कनेक्शन आतंकवादी संगठन से निकल आए। न भी निकले तो अपने किसी छोटे-मोटे केस में इसी को मुख्य अपराधी बताकर केस सॉल्व कर लो। जब हमने इसको इतना पीटा है तो पूरा लाभ उठाने में ही समझदारी है। उसके पर्स से आधार मिला!! माँ की दवाइयों की पर्ची!! गोद में उठाए बिटिया की तस्वीर!! कई परतों में फोल्ड एक ऐसा पत्र जिसमें उसे नौकरी से हटा देने की सूचना और बाकी का हिसाब-किताब था!! 'सर आधार में इसका नाम रामलाल है और पता वहीं का है जहाँ पत्थरबाजी हुई थी!' कांस्टेबल ने घबराते हुए कहा। 'रामलाल! यह कैसे हो सकता है? वह तो पत्थरबाजों के साथ था।' 'लेकिन सर उसका मकान भी तो वही था! अब क्या करें सर यह तो बड़ी मिस्टेक हो गई।' कांस्टेबल ने माथे पर हाथ फेरते हुए कहा। 'लगता है तुम सठिया गए हो। इतना घबराने की जरूरत नहीं। इस पेशे में रहने वाला सही को गलत और गलत को सही बनाने में एक्सपर्ट होना चाहिए। और तुम हो कि बेवकूफों जैसी बात करते हो। बाहर पत्थरबाजी के सबूत पड़े हुए हैं। वहीं उसे सुला देते हैं। तब किसी को संदेह नहीं होगा।

## न्यूज फ्लैश

### प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए टू** की टीम द्वारा नरेश वासी अमृतपुर कलां की नहर में फेंककर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग दो मोटरसाइकिलें और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कुलदीप पुत्र धर्मपाल, मदन पुत्र धर्मपाल, संदीप पुत्र यशपाल व, आजाद पुत्र कृष्ण लाल वासियान गांव अमृतपुर कलां जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर उनके गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कल अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। इस वारदात के संबंध में मृतक नरेश के पिता संतलाल पुत्र नेबराज वासी अमृतपुर कलां जिला करनाल ने पुलिस चौकी मंगलौरा में एक शिकायत देते हुए बताया था कि 30 मई को दोपहर के समय उसका लडका नरेश कुमार बिना बताए घर से कहीं चला गया। इस संबंध में थाना मधुबन में 1 जून को भादंसं की धारा 346 के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान 12 जून को नरेश का शव पिचौलिया नहर हैड से बरामद हुआ। शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया था। मामले की गहनता व प्रभावी तरीके से जांच की गई तो मामलें सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर उपरोक्त आरोपियों की संलिप्तता सामने आई थी। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर खुलासा हुआ कि आरोपी कुलदीप का मृतक की पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी कुलदीप व मृतक की पत्नी के प्रेम प्रसंग के बारे में करीब एक साल पहले मृतक व उसके परिजनों को पता चल गया था। आरोपी कुलदीप ने इसी बात की रंजिश रखी हुई थी और मृतक को अपने रास्ते से हटाने की ठान रखी थी। आरोपी कुलदीप राजमिस्त्री के काम की ठेकेदारी करता है और बाकी तीनों आरोपी मदन, संदीप व आजाद उसके साथ काम करते हैं। आरोपी कुलदीप ने अन्य आरोपियों को कह रखा था कि जब भी मौका मिले तो नरेश को जान से मारना है। आरोपियों ने पूर्व नियोजित तरीके से 30 मई को गांव अमृतपुर कलां में नरेश के साथ शराब पी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# मानसून के दौरान जल भराव न हो, इसके लिए निगम गम्भीर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मानसून के** दौरान जल भराव न हो, इसके लिए नगर निगम गम्भीर है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों को साथ लेकर जल भराव की चिन्हित जगहों पर किए जा रहे इंतजामो को चेक करने के लिए भिन्न-भिन्न साईटों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुगल कैनाल व ड्रेन नम्बर 1 में किए जा रहे सफाई कार्यों को भी देखा। निरीक्षण में अधीक्षण अभियंता श्याम सिंह भी मौजूद रहे।

दौरे में निगमायुक्त ने सबसे पहले वार्ड 11 की दयानंद कॉलोनी का निरीक्षण किया। यहां पर निगम द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टर यानि वर्षा जल संचयन की सफाई करवाई जा रही है, ताकि बरसाती पानी का आसानी से पुनर्भरण हो सके। इसके अतिरिक्त ज्यादा वर्षा होने से जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए डीजल पम्प भी लगाया गया है, जिससे पानी को सीधे मुगल कैनाल की लाईन में छोड़ा जा सकेगा। निगमायुक्त ने एक्सईएन मोनिका शर्मा को निर्देश दिए कि वर्षा जल संचयन की सफाई जल्द पूरी करवाई जाए। इसके बाद निगमायुक्त ने एन.एच. 44 पर ड्रेन नम्बर 1 का दौरा कर करवाई गई सफाई को चेक किया और निर्देश दिए कि इसकी सफाई नियमित तौर पर करवाई जाए, ताकि वर्षा जल की पर्याप्त निकासी बनी रहे। उन्होंने ड्रेन नम्बर 1 के अंसल सिटी स्थित बोटल नेक पॉयट का भी निरीक्षण किया। यहां पर ड्रेन की चौड़ाई 12 फुट थी, जिसके कारण बरसाती पानी की पर्याप्त निकासी नहीं हो पाती थी। अब इसे चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। इसके लिए पाईप लाईन डाली जा रही है, जिससे इसकी चौड़ाई करीब 32 फुट हो जाएगी और बरसाती पानी का प्रवाह भी ठीक बना रहेगा। निगमायुक्त ने हैरीटेज लोन के नजदीक स्थित ड्रेन नम्बर 1 का दौरा कर ड्रेन की चौड़ाई और इसकी करवाई जा रही सफाई को चेक किया। उन्होंने इसके साथ ही निमार्णाधीन आई.पी.एस. का भी दौरा किया और धीमी प्रगति को देख वहां



मौजूद निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि पर सख्त हुए। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि आई.पी.एस. को चलाने के लिए पम्प शीघ्र अति शीघ्र मंगवाकर उसे फिक्स करवाएं। बता दें कि फिलहाल इस जगह पर निगम द्वारा बरसाती सीजन में 3 पम्प रखवाए जाएंगे, जिससे मेरठ रोड, कटाबाग, सूरज नगर, विकास कॉलोनी, कनिका विहार व सेक्टर-6 सेआने वाले पानी की ड्रेन नम्बर 1 में निकासी हो सकेगी। इसके पश्चात उन्होंने मुगल कैनाल फेज-1 की करवाई जा रही साफ-सफाई को चेक किया। निरीक्षण के दौरान सफाई कार्य में 1 पोकलेन मशीन व 3 ट्रैक्टर लगे हुए पाए गए। निगमायुक्त ने एजेंसी को निर्देश दिए कि वह अपनी मैन पावर को बढ़ाएं और एक सप्ताह में इसकी मुकम्मल सफाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मियों के पास ऑक्सीजन सिलेंडर भी अवश्य हो। उन्होंने कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा व सहायक अभियंता सुनील भल्ला को निर्देश दिए कि बरसाती सीजन के दौरान मुगल कैनाल की निरंतर सफाई करवाई जाती रहे, ताकि शहर से आने वाले पानी की निकासी में कोई अवरूद्ध न हो। इस दौरान निगमायुक्त ने जानकारी दी कि मुगल कैनाल के फेज-2 व 3 की सफाई पूरी करवाई जा चुकी है और अटल पार्क से मेला राम स्कूल तक के हिस्से की सफाई एच.एस.वी.पी. की ओर से करवाई जा रही है।
निगमायुक्त ने भगवाडि?ा गैस एजेंसी चौक स्थित नालों के जंक्शन पॉयट का भी दौरा। यहां पर हांसी रोड साईड व रघुनाथ मंदिर साईड से आने वाले नाले मिलते है।
हांसी रोड साईड से आने वाले नाले का प्रवाह तेज होने के कारण रघुनाथ मंदिर साईड से आने वाला पानी आगे मेन नाले में नहीं जा पाता, जिससे इस चौक पर ओवरफ्लो होने के कारण जल भराव हो जाता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए निगम द्वारा दोनो नालों का अलग-अलग पाईप लाईन डालकर सीधे मेन नाले में जोड़ा गया है, ताकि दोनो नालो की निकासी सीधे मेन नाले में हो सके। निगमायुक्त ने अधीक्षण अभिंयता को निर्देश दिए कि बरसाती सीजन के बाद इस समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। इसके बाद उन्होंने रेलवे लाईन के नजदीक राजीव कॉलोनी क्षेत्र का दौरा किया और किए जा रहे कार्यों को चेक किया। जल भराव न हो, इसके लिए रेन वाटर हार्वेस्टर की सफाई करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल की अधिक मात्रा में निकासी हो सके, इसके लिए यहां कैप्टी का प्रावधान किया जा रहा है। निगमायुक्त ने सेक्टर-6 स्थित शिव मंदिर के लो लाईन एरिया का भी निरीक्षण किया। यहां पर पुरानी पाईप लाईन व छोटे चैम्बर होने के कारण बरसाती पानी की पर्याप्त निकासी नहीं हो पाती थी और ओवरफ्लो होने के कारण मंदिर के आगे पानी भर जाता था। इस समस्या का समाधान करते हुए निगम द्वारा 6 इंच से बढ़ाकर 12 इंच चौड़ाई की नई पाईप लाईन डाली जा रही है और 5 फुट गुणा 3 फुट के तीन बड़े चैम्बरों का निर्माण किया जा रहा है।

## सीजेएम ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का किया औचक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीजेएम** एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का दौरा किया और वहां रह रहे सभी बच्चों से बातें की और उनको आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। इस पर बच्चों ने बताया कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है। इसके बाद सुश्री जसबीर कौर ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम के रसोई घर में जाकर खाने की गुणवत्ता को जाकर परखा एवं आज के भोजन को लेकर बच्चों से बात की। उन्होंने खाद्य सामग्री अर्थात मिनी चार्ट का विवरण जाना कि



उन्हें प्रतिदिन सुबह, दोपहर, रात में भोजन के दौरान क्या-क्या खिलाया जाता है। इसके बाद प्रत्येक बच्चे के कक्ष में जाकर उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे उचित लाइट प्रबंध एवं साफ सफाई का जायजा लिया। सीजेएम ने बच्चों से उनकी दिनचर्या के बारे में जाना। उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं एवं स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया।

## आईसीएआर गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र में दिया योग का प्रशिक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अंतर्राष्ट्रीय योग** दिवस के उपलक्ष्य में मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा विशाल योग शिविर फव्वारा पार्क सेक्टर-12 में आयोजित किया जा रहा है। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि यह शिविर 18 से 20 जून तक लगाया जा रहा है, जिसमें जिसमें शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि और योग विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि योग के प्रचार-प्रसार के लिए यह शिविर प्रतिवर्ष बड़े उल्लास और उत्साह से लगाया जाता रहा है। इस शिविर में योग साधक आकर योग की बारीकियां और उसके लाभ के विषय में समझ सकते हैं। इसमें मिशन की सभी योग कक्षाएं, सभी शिक्षक और साधक गन भाग लेंगे। जीवन में



योग द्वारा सकारात्मक परिवर्तन आता है, जिससे जुडकर सभी स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। इस शिविर में अंतरराष्ट्रीय योग शिविर के अंतर्गत योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जाएगा, जिससे कि हम सब मिलकर 21 जून को यादगार बना सके और सुंदर प्रस्तुति दे सके। योग प्रोटोकॉल सभी आयु वर्ग की सुविधा अनुसार बनाया गया है, ताकि सभी व्यक्ति इसका अभ्यास कर पाएं और केवल कुछ दिन ही नहीं बल्कि अपने जीवन में योग को अपना सकें। इससे पहले उन्होंने आईसीएआर गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र में योग का प्रशिक्षण दिया।

वहां मौजूद साधकों को विभिन्न तरह के सूक्ष्म व्यायाम आसन सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने उत्साह पूर्वक सभी योगाभ्यास किए।

भारतीय गेहूं एव जौ अनुसंधान संस्थान करनाल योग कक्षा में भाग लेने वाले अधिकारी डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह निदेशक, अनिता सिंह, डॉक्टर एससी त्रिपाठी, अनिता त्रिपाठी, डॉक्टर ओपी अहलावत, डॉक्टर अजीत सिंह खरब, डॉक्टर सुधीर कुमार, डॉक्टर चुन्नी लाल, डॉक्टर हनीफ खान, डॉक्टर प्रेम लाल कश्यप, डॉक्टर रविन्द्र कुमार, डॉक्टर चरण सिंह, पूजा, डॉक्टर ओपी गुप्ता, चंदा गुप्ता, डॉक्टर मंगल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पीएचपी वर्मा, विजय सिंह, सुनील जाखड़, दीप्ति जाखड़, कृष्णा, प्रदीप शर्मा, सुरेश कुमार, विनोद खोकर, केहर सिंह, अनुज कुमार, लोकेश त्यागी, जयभगवान, समीर गुप्ता, जियांशी गुप्ता, यश जाखड़, इप्शिता आदि उपस्थित रहे।

## शातिर चोर से दूसरे मामले के करीब 20 लाख के कीमती जेवरात बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा शातिर चोर जयकुमार पुत्र धर्मबीर वासी वाल्मिकी बस्ती रेलवे रोड नजदीक रेलवे स्टेशन गौरखपुर उत्तर प्रदेश हाल खानाबदोश निर्मल कुटिया के सामने सैक्टर-12 पार्क करनाल के कब्जे से थाना सेक्टर 32-33 के एरिया के एक चोरी के मामले में चुराई गई करीब 20 लाख की कीमत के हीरे, सोना व चांदी के जेवरात और नगदी बरामद की गई है, जबकि एक अन्य मामले में नकदी व महंगे परफ्यूम बरामद किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि आरोपी को 21 मई को गांव मरगैन के पास



से एक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई तो आरोपी से थाना सिविल लाईन, थाना शहर व थाना सेक्टर 32-33 के एरिया से चोरी की पांच वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा हुआ। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी करीब 12 साल की उम्र में ही अपने घर से भागकर करनाल आ गया था। इसके बाद आरोपी इधर-उधर पार्कों आदि में रहने लग गया।
आरोपी फिलहाल सेक्टर-12 के पार्क में रह रहा था और निर्मल कुटिया में खाना खाता था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अलग-अलग घरों में से नगदी व कीमती जेवरात चोरी करके गंदे नाले में छुपा देता था या किसी सुनसान जगह पर गड्ढा खोदकर दबा देता था।

## दहशत पैदा करने के लिए मेले से चाकू खरीदकर लाने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**स्पेशल** यूनिट असंध की टीम द्वारा आरोपी को एक चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एरिया में दहशत पैदा करने के लिए चाकू खरीद कर लाया था और अपने साथ लेकर घूम रहा था। पुलिस टीम ने गत दिवस एक्टिवा पर सवार आरोपी व्यक्ति अनुज उर्फ बैटरी पुत्र अनिल कुमार वासी नजदीक अंबेडकर चौक सदर बाजार करनाल को शक के बिनाह पर काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पैंट की जेब से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ, जिस पर यूएसए-साबिर लिखा हुआ था।

## एसडीएम ने क्षय रोग उन्मूलन के 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने का किया आह्वान



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एसडीएम** अनुभव मेहता की अध्यक्षता में जिला टी.बी. फोर्म की बैठक आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग से उप सिविल सर्जन (टी.बी.) डॉ. सिम्मी कपूर, विभाग के अन्य उप सिविल सर्जन, डब्ल्यू.एच.ओ. कंसल्टैंट डॉ. अनुज जांगड़ा, तथा जिला के अन्य विभागों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया। एसडीएम अनुभव मेहता ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों को जरूरी दिशा निर्देश दिये तथा सभी विभागों को मिलकर क्षय रोग उन्मूलन के 2025 का लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने तथा उप सिविल सर्जन (टी.बी.) डॉ. सिम्मी कपूर ने टी.बी. के मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत प्रोटीन युक्त खादय पदार्थ वितरित किए। उप-सिविल सर्जन (टी.बी.) डॉ. सिम्मी कपूर, द्वारा बताया गया कि जिला में 6 टी.यू., 20 डी.एम.सी., एक सी.बी. नाट तथा ट्रयूनाट टैस्टिंग मशीन है। इसके अलावा कल्पना चावला गवर्नमैंट मैडिकल कालेज में डी.आर.टी.बी. सैंटर है। हरियाणा राज्य में करनाल जिला क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर है। जिला क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 162 प्राइवेट अस्पताल, 25 प्राइवेट लैब तथा 130 प्राइवेट कैमिस्ट रजिस्टर्ड है। क्योंकि टी.बी. एक नोटिफाइबल डिजिज है अतः सभी प्राइवेट संस्थाओं द्वारा टी.बी. के मरीजों को नोटिफाइ करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त उन्होने बताया कि टी.बी.के प्रचार व प्रसार के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर ग्राम सभा मीटिंग, कम्यूनिटी मीटिंग तथा पेशंट प्रोवाइडर मीटिंग की जाती है। डब्ल्यू.एच.ओ. कंसल्टैंट डॉ. अनुज जांगड़ा द्वारा टी.बी. की बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा टी.बी. मुक्त पंचायत का आहवान किया गया कि सभी पंचायते मिलकर लोगों को जागरूक करेंगी।

## जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को: डा. वैशाली

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त उपायुक्त** डा.वैशाली शर्मा ने कहा कि 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ जिला मुख्यालय व ब्लॉक स्तर पर मनाया जाएगा। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, एनसीसी व स्काउट एवं विभिन्न कॉलेज के छात्र एवं छात्राए, सामाजिक संस्थाएं, आयुष विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग के अलावा पंचायती राज व स्थानीय निकाय के जन प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक स्थानीय नई



अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में करनाल के सांसद संजय भाटिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे और योग साधकों के साथ योग कियाएं करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम की पायलट रिहर्सल 19 जून को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक नई अनाज मंडी करनाल में होगी, जिसका अवलोकन उपायुक्त अनीश यादव करेंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा योग दिवस के उपलक्ष्य में 19 व 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखेगे व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम करेंगे। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीने के पानी तथा नगर निगम के अधिकारी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर अस्थाई शौचालय तथा साफ-सफाई के प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर के करोड़ों योग साधकों के साथ योग कियाएं करेंगे, जिनका सीधा प्रसारण देखने को मिलेगा। इसके अलावा ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय विधायकगण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर योग साधकों का उत्साहवर्धन करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि 21 जून को ही जिला स्तरीय योग दिवस प्रातः कालीन कार्यक्रम के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं जिला खेलकूद अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत भवन में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

## एचडीएफसी बैंक ने उ. भारत के विभिन्न शहरों में मेगा 'टू-व्हीलर लोन मेला' आयोजित करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
एचडीएफसी बैंक, भारत में प्राइवेट सेक्टर का प्रमुख बैंक, 16 और 17 जून, 2023 को उत्तर भारत में एक मेगा 'टू-व्हीलर लोन मेला' का आयोजन कर रहा है। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और हरियाणा में एचडीएफसी बैंक की 800 से अधिक बैंक शाखाएं, इस टू-व्हीलर लोन अभियान की मेजबानी करेंगे। जहां टू-व्हीलर डीलर ग्राहकों को अपने नए नए व्हीकल दिखाने के लिए शाखाओं में मौजूद रहेंगे, वहीं बैंक सभी पात्र ग्राहकों को जल्द ही लोन की मंजूरी देगा। एचडीएफसी बैंक के 'टू-व्हीलर लोन मेला' अभियान का उद्देश्य चुने गए क्षेत्रों में इसके लोन उत्पादों की मौजूदगी और पहुंच को बढ़ाना है, ताकि ग्राहक आसानी से उनका लाभ प्राप्त कर सकें। इस लोन मेले में भाग लेने वाली शाखाएं पूछताछ डेस्क के साथ चुनिंदा दोपहिया वाहनों का प्रदर्शन करेंगी। शाखा में आने वाले ग्राहक दोपहिया वाहनों की टेस्ट राइड प्राप्त कर सकते हैं और लोन विकल्पों के माध्यम से उनके बारे में सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, और मौके पर ही वाहन बुक कर सकते हैं। 31 मार्च 2023 तक, एचडीएफसी बैंक के टू-व्हीलर्स लोन बुक का साइज Rs 9,933 करोड़ रुपये था।

## योग जीवन जीने की कला: राजेश अग्घी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला प्रशासन,** मेरा मिशन स्वस्थ भारत और पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। सेक्टर 12 स्थित फव्वारा पार्क के योगा शेड में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में योगाचार्यों ने अधिकारियों, कर्मचारियों, योग साधकों व आमजन को योग,प्राणायाम व ध्यान से संबंधित क्रियाएं करवाई और शरीर पर अनुकूल पडने वाले इनके प्रभावों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। योग शिविर में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए नगर निगम



के सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग प्राचीन पद्धति ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। योग करने से शरीर के साथ-साथ मानसिक बल मिलता है और विचारों में दृढ़ता आती है। विज्ञान ने इस बात को सिद्ध कर दिखाया है कि योग करने से हमारी श्वसन क्रिया स्मूथ यानि सहज हो जाती है और शुद्ध वायु के रक्त में प्रवेश से फेफड़े स्वस्थ होते हैं। उन्होंने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में मनुष्य की व्यस्तता बढ़ गई है, छोटे बच्चों पर पढ़ाई का बोझ रहता है। दूसरी ओर कोरोना काल में मनुष्य चिंता और अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं से घिर गया था, इससे मानव शरीर पर विपरीत प्रभाव रहे जो स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई थी। ऐसे में योग से स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए काफी बल मिला। शिविर में शामिल हुए उप सिविल सर्जन डॉ अमन ने योग की महत्ता बताते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है। योग करने का मकसद आत्मज्ञान की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की शारीरिक परेशानियों को दूर करना है। योग मनुष्य के मन और आत्मा की क्षमता को बढ़ाता है। योग से ही शांति तथा आनंद की प्राप्ति होती है। योग करने वाला व्यक्ति ताउम्र स्वस्थ रह सकता है। योग शिविर में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने भी योग को जीवन के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि योग हमे दैनिक जीवन के कार्य करने में सक्षम बनाता है। स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करता है।

# केंद्र सरकार की नीतियों व कार्यों से देश की बदली सूरत: राज कुमार भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** जिला केशवपुरम के मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा हेतु महाजनसम्पर्क अभियान के तहत "सम्पर्क से समर्थन" हेतु जिला केशवपुरम में जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया के नेतृत्व में विशिष्ट लोगों से मुलाकात की गई। जिसमें वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की चेयरपर्सन किरण चोपड़ा, आईबी के पूर्व संयुक्त सचिव आर. सी. खुराना, डीआरडीओ की वैज्ञानिक रही। वीना खुराना सहित वैश्य व ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोग शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा दिल्ली की सहप्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर का सानिध्य रहा। इस अवसर पर अलका गुर्जर ने "9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" की






सचित्र पुस्तिका मुलाकात में भेंट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के लिए आशीर्वाद सन्देश प्राप्त किए। इस भेंटवार्ता में उन्होंने कहा कि लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की लाभकारी नीतियों, भारत की मजबूत विदेश नीति के चलते अन्य देशों से बेहतर सम्बन्ध बने, जन कल्याण, विकास कार्यों से चंहुमुखी प्रगति हुई है, वहीं जी-20 विश्व शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने से भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद पर अंकुश लगा धारा 370 को हटाना, तीन तलाक पर कानून ला मुस्लिम महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा करना, राम मंदिर निर्माण की सौहार्दपूर्ण तरीके से राह प्रशस्त करना व भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में भाजपा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने कहा कि मोदी भारत के जनमानस की समस्याओं व उनकी मूलभूत आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहे हैं जो उनके द्वारा 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण करके समाज कल्याण का विशेष कार्य किया। हर घर नलका, उज्जवला योजना, हर गाँव बिजली कनेक्शन, किसानों के खातों में सीधे मदद, कोरोना काल से अब 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन ये सब उनकी जरूरतमंद नागरिकों को सबल बनाने की संवेदना व गम्भीरता को प्रकट करती है। इस अवसर पर त्रिनगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन भी बैठक हुई।

## शिक्षा का है हमारे जीवन में विशेष महत्व: जितेन्द्र ढीका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** के समाजसेवी जितेन्द्र ढीका ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व होता है। इसलिए मैं सभी अभिभावको से कहना चाहता हूं कि बेशक एक रोटी कम खाओं मगर बच्चो को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये। उन्होंने आगे बताया कि बच्चे शिक्षित होकर आपका और देश का नाम रोशन करेंगें, इसलिए सभी शिक्षित और जागरूक बने। उन्होंने कहा कि सभी संघर्ष करें, शिक्षित बने तभी विकास हो पायेगा। उन्होंने बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए। उन्होंने आगे यह भी कहा कि सत्य की



डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता रहता है, वह एक दिन अवश्य ही कामयाब होता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

## शिक्षा मंत्री ने 'एजुकेशन-बिल्डिंग इंडियाज फ्यूचर ऐट 100' विषय पर की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वैश्विक** मंच पर एक बार फिर केजरीवाल मॉडल का डंका बजा है। 15 जून को कैम्ब्रिज जज बिजनेस स्कूल द्वारा आयोजित कैम्ब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में शिक्षा मंत्री आतिशी ने दुनिया को एक बार फिर केजरीवाल मॉडल ऑफ एजुकेशन से परिचित करवाया। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कॉन्फ्रेंस में, एजुकेशन-बिल्डिंग इंडियाज फ्यूचर ऐट 100' विषय पर बतौर वक्ता अपनी बातें साझा की और दिल्ली के शिक्षा मॉडल की सफलता की विभिन्न कहानियों को भी साझा किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि, पिछले 75 सालों में, भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार है कि जहां गुड गवर्नेंस के आधार पर राजनीति की



जा रही है और देश भर में शिक्षा और स्वास्थ्य राजनीति का मुख्य एजेंडा है। भारत की राजनीति में यह बड़ा बदलाव दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी द्वारा पिछले 8 सालों में किए गए कामों से आया है। उन्होंने औरों के उलट दिल्ली में हर बच्चे के लिए क्वॉलिटी एजुकेशन और हर नागरिक के लिए क्वालिटी स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शिक्षा को राजनीति चर्चे का हिस्सा बनाने का नतीजा रहा कि, गुजरात चुनाव ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी जी को नकली ही सही लेकिन पोर्ट केबिन में बने एक स्कूल में उतरना पड़ा। शिक्षा मंत्री आतिशी ने आगे कहा कि, 'केजरीवाल सरकार के दिल्ली मॉडल ऑफ एजुकेशन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक यह है कि गुजरात में जहां बीजेपी 27 साल से सत्ता में थी, 'आप' की भागीदारी के साथ हमने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वहाँ के मुख्यमंत्री को मजबूर किया की। वे गुजरात के स्कूलों का दौरा करे। गुजरात में 27 साल में यह पहली बार था जब भाजपा के नेता स्कूलों में जा रहे था। उन्होंने कहा, हालाँकि ये सच है कि प्रधान मंत्री जिस स्कूल में गए थे वह एक पोर्टेबल केबिन में स्थित एक फेक स्कूल था।

## वत्स ने ब्रह्मप्रकाश की जयंती पर किये श्रद्धा सुमन अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** ग्रामीण समाज दिल्ली के तत्वावधान में उत्तर पश्चिम दिल्ली के रोहिणी स्थित मुख्यालय बरवाला में समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दयानंद वत्स ने शेरे दिल्ली के नाम से प्रसिद्ध दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री, भारत सरकार स्वर्गीय चौधरी ब्रह्मप्रकाश की 105वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र और दिल्ली के लाखों ग्रामीणों की और से उपाध्यक्ष दयानंद वत्स ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।
अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी चौधरी ब्रह्म प्रकाश भारतीय सहकारिता आंदोलन के प्रणेता रहे। उनके केंद्रीय कृषि मंत्री के कार्यकाल में कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई। खेती और किसानी उनकी विरासत में थी।
किसानों और मजदूरों के हित के लिए उन्होंने सहकारी समितियों के गठन का मार्ग प्रशस्त किया। श्री वत्स ने कहा कि उन्हें चौधरी ब्रह्म प्रकाश के सान्निध्य में दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह बाहरी दिल्ली से सांसद थे। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव प्रेरक रहा। अत्यंत विनम्र और सौम्य स्वभाव के धनी चौधरी ब्रह्म प्रकाश दिल्ली देहात की आन, बान और शान थे।

## निगम पार्षद सुमन शर्मा ने बताये डेंगू से बचने के उपाय

### आजादपुर वार्ड के जहांगीरपुरी में डेंगू, मलेरिया रोधी कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आजादपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके जहांगीरपुरी एच-2 ब्लॉक में डेंगू और मलेरिया रोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा मौजूद रही। इस अवसर पर लोगों ने निगम पार्षद सुमन शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान सुमन शर्मा ने लोगों से कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखना है। इसके लिए सभी अपने कूलरो की सप्ताह में एक बार अवश्य ही सफाई करें और टायरों व गमलों में पानी न एकत्रित होने दे। इनमें मच्छर पैदा होता है। जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस मौके पर मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## ओमप्रकाश प्रजापति वार्षिक अधिवेशन में होंगे सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कलश** कारवाँ फाउंडेशन का वार्षिक कवि अधिवेशन आगामी 24 जून 2023 को जयराम बिल्डिंग बिल्लेक हल्ली, बेंगलुरु में होने जा रहा है। इसमें देश से प्रतिष्ठित कवियों और साहित्यकारों का आगमन होने जा रहा है, कार्यक्रम के आयोजक और कलश कारवाँ के संस्थापक राही राज के अनुसार इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नाटक के भीष्म पितामह कहें जाने वाले डॉ. मनोहर भारती और मुख्य अतिथि आदरणीयाँ डॉ. सविता चड्ढा, विशिष्ट अतिथि टू मीडिया के सम्पादक ओमप्रकाश प्रजापति होंगें।



दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री चौधरी ब्रह्म प्रकाश की 105वीं जयंती दिल्ली विधानसभा में मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव पुष्पजंलि अर्पित करते हुए।



राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा और मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के प्रमुख तरूण चुघ के पीएस लक्ष्यदीप (एलडी) को जन्मदिन की बधाई देते हुए राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा तरूण चुघ, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रोशन कंसल और विनोद शर्मा।

## सरकारी सेवाएं मुहैया कराने के लिए हर जिले में बनेगी हेल्प डेस्क

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार एससी/ एसटी श्रेणी में आने वाले लोगों के हित में काम कर रही है। दिल्ली में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हर व्यक्ति को केजरीवाल सरकारी की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एससी/एसटी कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह एससी/एसटी श्रेणी में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी



पहुंचाने के लिए हर जिले में हेल्प डेस्क शुरू करने की संभावनाएं तलाशें। जहां लोगों को सरकारी योजनाओं के लिए आसानी से आवेदन कर सकें और साथ ही जिन योजनाओं और सुविधाओं के लिए वह पहले से आवेदन कर चुके हैं उसकी स्थिति का पता लगा सकें। **छात्रवृत्ति के लिए करना है आवेदन तो हेल्प डेस्क करेगी मदद:** एससी/एसटी कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार एससी/एसटी लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लाई है। हर जिले में हेल्प डेस्क बनने से हम जनता को लगातार सरकार की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं। हेल्प डेस्क के माध्यम से एससी/एसटी छात्र-छात्राओं को जय भीम प्रतिभा विकास योजना, एक से आठवीं कक्षा तक के लिए छात्रवृत्ति योजना और छात्र स्टेशनरी वित्तीय सहायता योजना के लिए आवेदन करने में सहायता मिलेगी। कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि इन हेल्प डेस्क पर कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात किए जाएंगे जो लोगों की सरकारी फॉर्म भरने में मदद करेंगे।

# सभी को परिवार की तरह करनी चाहिए पेड़-पौधे की रक्षा: राकेश यादव







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा** जहांगीरपुरी स्थित गौरेया ग्रीन पार्क में कैरियर विल के चेयरमैन राकेश यादव सर ने अपनी टीम के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी हरेन्द्र यादव मन्नू, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, समाजसेवी भगत सिंह, सुखबीर सिंह सैनी, मिस्टर गोल्डी, विरेन्द्र सिंह मट्टू, सीमा देवी, अनीता, साहिल यादव, संजय शर्मा, जितेन्द्र ढीका, त्रिवेणी यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कैरियर विल के चेयरमैन राकेश यादव ने बताया कि आज 551 पौधे रोपे गये और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया। राकेश यादव ने बताया कि वन पर्यावरण संरक्षण के तहत पूरे भारत में एक करोड़ पौधे 2024 तक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आज भलस्वा जहांगीरपुरी स्थित गौरेया ग्रीन पार्क में पौधारोपण किया गया है। इस दौरान कई प्रकार के पौधे रोपे गये है। इस मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 17 जून 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 12वां

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर मनाया उप प्रधान तरसेम सिंह का जन्मदिन

## राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने उपप्रधान तरसेम सिंह का जन्मदिन किया सेलिब्रेट, माला पहनाकर किया अभिनंदन



















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के संरक्षक तरसेम सिंह का जन्मदिन मनाया गया।





### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "आदर्श रसोई" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### तरसेम सिंह ने विधिवत रूप रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई के उपप्रधान तरसेम सिंह ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। इस मौके पर तरसेम सिंह का परिवार मौजूद रहा। तरसेम सिंह ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर तरसेम परिवार का सभी पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। वहीं, माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। हर रविवार को राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक होता है।

### क्या बोले आदर्श रसोई के तरसेम सिंह

इस विशेष मौके पर तरसेम सिंह ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। श्री सिंह ने कहा कि आदर्श रसोई निरंतर और नियमित रूप से राकेश भारद्वाज चौक पर निस्वार्थ रूप से विशेष रविवारीय कार्यक्रम का बड़े ही नायाब ढंग से आयोजन करती है, जिसके सभी मुरीद हैं। सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं। श्री सिंह ने कहा कि मैं शुरू से ही आदर्श रसोई से जुड़ा हूं और आदर्श रसोई की कार्यप्रणाली से परिचित हूं और मुझे इस मंच से यह कहने में कोई झिझक नहीं होगी कि आदर्श रसोई के पदाधिकारी हर रविवारिय कार्यक्रम के लिए पूरी शिद्दत से कार्यकम को भव्य बनाने के लिए मेहनत करते हैं। आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं।

### पुण्यआत्मा थे श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी: तरसेम सिंह

श्री सिंह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राकेश भारद्वाज जे हम सबके प्रिय थे। उनके दिखाए मार्ग पर अब उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज चल रहे है। श्री सिंह ने कहा कि राकेश भारद्वाज जी का आज हमारे बीच न होना बहुत दुखद है। सच्चे दोस्त, जिंदादिली इंसान और समाज के प्रति कुछ कर गुजरने की सोच उनको हम सबसे अलग बनाती थी। जो कुछ राकेश भारद्वाज जी ठान लेते थे उसको अमलीजामा पहनाकर ही दम लेते थे। आदर्श रसोई की नींव भी उन्हीं के सोच का नतीजा है। राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई।











# आत्मनिर्भर बनने की ओर हिमाचल प्रदेश के बढ़ते कदम...

### पहला कदम बढ़ाया

- बीबीएमबी की परियोजनाओं से पानी निकालने के लिए एनओसी शर्त समाप्त



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हिमाचल प्रदेश ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पहला कदम बढ़ा दिया। अब तक भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड बीबीएमबी की परियोजनाओं से पेयजल आपूर्ति और सिंचाई कार्यों के लिए पानी लेने से पूर्व बीबीएमबी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता होती थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस मुद्दे को केन्द्र सरकार से प्रमुखता के साथ उठाया और अब केंद्र सरकार ने इस शर्त को हटा दिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा हिमाचल प्रदेश में निवेश के नाम पर इन्वेस्टमेंट ड्रेन हुआ है। हिमाचल में बनी जल विद्युत परियोजनाओं में राज्य के हितों का ध्यान नहीं रखा गया है। पानी और भूमि हिमाचल प्रदेश का है और इन प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर कई कंपनियाँ सालाना हजारों करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित कर रही हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश को इन परियोजनाओं में नाममात्र की ही हिस्सेदारी मिल रही है, जो राज्य के लोगों के साथ अन्याय है। प्रदेश को उसका अधिकार मिलना चाहिए और इस विषय को वर्तमान राज्य सरकार मजबूती से हर मंच पर उठा रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार के गठन के बाद से ही जल विद्युत परियोजनाओं में भी ज्यादा रॉयल्टी की माँग की जा रही है। बीबीएमबी द्वारा संचालित भाखड़ा बांध परियोजना, ब्यास सतलुज लिंक व पौंग बांध परियोजना में किसी प्रकार की मुफ्त बिजली की रॉयल्टी नहीं दी जा रही है। इसके कारण प्रदेश सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व से वंचित होना पड़ रहा है। बीबीएमबी की इन परियोजनाओं में प्रदेश सरकार को हिस्सेदारी के रूप में केवल मात्र 7.19 प्रतिशत बिजली प्रदान की जा रही है, जो पर्याप्त नहीं है। राज्य सरकार इन परियोजना में अधिक हिस्सेदारी की माँग कर रही है।इसके साथ-साथ वर्तमान में एसजेवीएनएल द्वारा संचालित नाथपा झाकड़ी परियोजना व रामपुर परियोजना से प्रदेश को केवल 12 प्रतिशत की दर पर मुफ्त बिजली प्राप्त हो रही है एसजेवीएनएल को इन ऋण मुक्त हो चुकी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है।

# 22 करोड़ से बुझेगी लाहुल की प्यास, जल जीवन मिशन योजना के तहत बजट स्वीकृत

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**

**अब** सर्दियों में केलांग व आसपास के क्षेत्रों में पानी नहीं जमेगा, विभाग नई तकनीक की मदद से पानी की सप्लाई करेगा। लोगों को पानी की किल्लत से दो चार नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश सरकार के समक्ष लाहुल स्पीति में पानी की समस्या को प्राथमिकता के अधार पर रखने वाले स्थानीय विधायक रवि ठाकुर आखिरकार जल शक्ति विभाग को भारी भरकम बजट दिलवाने में कामयाब हो ही गए। भले ही यह बजट जल जीवन मिशन के तहत लाया गया हो। विधायक रवि ठाकुर ने प्रदेश सरकार के समक्ष लाहुल स्पीति की पानी की समस्या को रखते हुए बताया था कि सर्दियों में लाहुल में तापमान माइन्स 25 से 30 होने के कारण पानी की पाइपें जाम हो जाती हैं या यूं कहें कि पाइपों में ही पानी जम जाता है, तो वहीं लोगों को पानी की बुंद बुंद के लिए तरसना पड़ता है। उन्होंने सरकार से ये मांग भी की थी कि विदेश की नई तकनीक की मदद लेते हुए लाहुल स्पीति के लोगों को सर्दियों में बिना जमे पानी उपलब्ध करवाया जाए। ऐसे में जहां सरकार ने विधायक रवि ठाकुर की उक्त मांग को मानते हुए जहां हाल ही में जल शक्ति विभाग के लाहुल स्पीति में तैनात अधिकारियों को लद्दाख अपने अन्य अधिकारियों के दल के साथ भेजा थाए वहीं लद्दाख में अपनाई जाने वाली नई तकनीक को करीब से जांच परखने के बाद अब लाहुल स्पीति में भी इसे इस्तेमाल किया जाएगा।



MARUTi nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

**कांग्रेस पर भड़की ममता** | कांग्रेस को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में टीएमसी से राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन की उम्मीद नहीं करनी चाहिए

# पंचायत चुनाव में हिंसा के झूठे आरोप न फैलाए कांग्रेस: ममता

**टीम एक्शन इंडिया/नामखाना**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा और दूसरी विपक्षी पार्टियों पर उनके खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। भाजपा द्वारा बंगाल के पंचायत चुनाव में हिंसा के आरोप लगाने पर ममता ने पलटवार किया है।





**पंचायत चुनाव में शांति का दावा:** ममता ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण है, लेकिन विपक्षी दल जानबूझकर छिटपुट घटनाओं को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी भांगोर का दौरा करने के बाद कहा था कि राज्य में राजनीतिक हिंसा समाप्त होनी चाहिए, जहां एक दिन पहले दो दलों के समर्थक आपस में भिड़ गए थे, जिसमें तीन की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ममता ने राज्यपाल के बयान पर जवाब देते हुए कहा- बंगाल के अलावा कोई अन्य राज्य नहीं है जहां पंचायत चुनाव नामांकन प्रक्रिया इतनी शांतिपूर्ण है। विपक्षी दल सीपीआई (एम), कांग्रेस, बीजेपी और आईएसएफ नामांकन अभ्यास के दौरान एक या दो घटनाओं पर हमें दोष देने की कोशिश कर रहे हैं।

**2024 में साथ मिलने की उम्मीद न करे कांग्रेस:** ममता दो महीने लंबे चले 'तृणमूल एह नबोजोवर' (तृणमूल में नई लहर) के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। बनर्जी ने भाजपा और माकपा के साथ सुर मिलाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि अब कांग्रेस पार्टी को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में टीएमसी से राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

इससे पहले, राज्यपाल ने संवाददाताओं से कहा था कि बंगाल के कुछ हिस्सों में कुछ अवांछित घटनाएं हुई हैं। भांगोर में स्थिति का जायजा लेने के बाद उन्होंने कहा कि किसी भी हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हमें इसे समाप्त करना होगा।